

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 27 अप्रैल 2024 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-029 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 28 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112







## ट्रक की रगड़ से बस में बैठे बाराती का सिर धड़ से अलग,दो के हाथ कटे

**पत्थलगांव,27 अप्रैल.** बीती रात पत्थलगांव के समीप सुखरापारा में बाराती बस और ट्रक आपस में रगड़ खाने से बस की सीट पर बैठे बारातियों में से एक का सिर धड़ से अलग हो गया वहीं एक महिला समेत दो लोगों के हाथ कटकर अलग हो गये। सिर धड़ से अलग होने वाले बाराती की मौके पर ही मौत हो गयी वही अन्य घायलों की हालत बेहद गम्भीर बनी हुई है।घटना बीती रात लगभग 11 बजे की है । बताया जा रहा है बस क्रमांक सीजी 13 aj 2993 बाराती लेकर बलरामपुर से धर्मजयगढ़ लौट रही थी,पत्थलगांव के सुखरापारा में सामने से तेज गति से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 14 एम जी 9654 के चालक ने बस को एक साईड से रगड़ दिया, बस की सीट पर बैठे बाराती संजय तिवारी पिता रूस कुमार निवासी बेहरापारा धर्मजयगढ़ का सर कटकर अलग हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।वही बाराती अश्विन तिवारी पिता सुनील 18 वर्ष निवासी सिविल लाइन धर्मजयगढ़ का दाया हाथ और माधुरी यादव पिता जगत उम्र 17 का भी दायां हाथ कटकर अलग हो गया, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए पत्थलगांव सिविल अस्पताल लाया गया। जहां से गम्भीर रूप से घायल दोनों मरीजों को बाहर रेफर किया गया है बताया जा रहा है की दोनों घायलों के हाथ कटकर अलग हो जाने से दोनों की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।




### बारातियों से भरी बस पलटी, 13 घायल

**तखतपुर,27 अप्रैल ।** बारातियों को ले जा रही बस अनियंत्रित होकर पलटने से अफरी-तफरी मच गई. इस हादसे में 13 बारातियों को चोट आई है, जिसमें तीन की हालत गंभीर है. यह घटना बिलासपुर मुंगेली मुख्य मार्ग के जोरापारा की है. मिली जानकारी के मुताबिक, बस में लगभग 40 लोग सवार थे. बिलासपुर से बाराती नवागढ़ जा रहे थे, तभी बस अनियंत्रित होकर पलट गई. यह घटना बीती रात 2 बजे की है. घायल बारातियों को बिलासपुर सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं हादसे के बाद मौके से ड्राइवर और कंडेक्टर फरार है. तखतपुर पुलिस घटना की जांच में जुटी है।



## कांग्रेस अल्पसंख्यकों को गोमांस खाने का अधिकार देना चाहती है: योगी

**लखनऊ,27 अप्रैल.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को गोमांस खाने का अधिकार देना चाहती है और यह गोहत्या की अनुमति देने के समान है।

उत्तर प्रदेश भाजपा के एक बयान में आदित्यनाथ के हवाले से कहा गया ये बेशर्म लोग गौमांस (गाय का मांस) खाने का अधिकार देने का वादा करते हैं, जबकि हमारे ग्रंथ गाय को माता कहते हैं। वे गायों को कसाई के हाथों में सौंपना चाहते हैं। क्या भारत इसे कभी स्वीकार करेगा? मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद का खाना खाने की आजादी देना चाहते हैं, मतलब वे गोहत्या की अनुमति देने की बात कर रहे हैं। आदित्यनाथ संभल लोकसभा सीट के लिए भाजपा उम्मीदवार परमेश्वर लाल सैनी के लिए समर्थन जुटाने के लिए मुरादाबाद जिले के बिलारी में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया भाषणों को दोहराते हुए, सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस 'स्त्रीधन' (महिलाओं की संपत्ति) को जब्त करने और इसे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के बीच वितरित करने का इरादा रखती है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में लोगों की संपत्ति के एक्स-रे की बात कही है. उन्होंने कहा, इसका मतलब यह है कि अगर किसी के घर में चार कमरे हैं, तो वे उनमें से दो कमरे छीन लेंगे। इतना ही नहीं, कांग्रेस कहती है कि वह महिलाओं के आभूषणों पर कब्जा कर लेगी, देश इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा।



आदित्यनाथ ने कहा, उन्होंने यूपीए सरकार के तहत 2004 से 2014 तक ऐसे प्रयास किए थे। उन्होंने कहा, उन्होंने कर्नाटक में एससी, एसटी और ओबीसी को दिए गए आरक्षण में से मुसलमानों को कोटा देने की कोशिश की थी।÷ उन्होंने सच्चर समिति की सिफारिशों का जिक्र किया और कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी के कोटे में से उन्हें छह प्रतिशत आरक्षण देकर इसे लागू करना चाहती थी। उन्होंने कांग्रेस पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाते हुए दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। यूपी के मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस देश को और विभाजित करने की साजिश रच रही है। आदित्यनाथ ने कहा कि ऐसा कहा जा रहा है कि भाई-बहन (कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा का जिक्र करते हुए) भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या जाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, जब उनकी सरकार थी, तो वे भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे। लेकिन देवता सभी के हैं। यह उनके दोहरे मानकों का उदाहरण है। आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' बोलने में झिझकते हैं, उन्हें उनका वोट नहीं मिलना चाहिए। संभल में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा।

## मतदान सामग्री जमा कर घर लौट रहे शिक्षक की सड़क हादसे में मौत

**बालोद,27 अप्रैल.** लोकसभा के दूसरे चरण के चुनाव के बाद मतदान दलों ने देर रात तक स्ट्रांग रूम में ईवीएम में जमा किया. वहीं मतदान सामग्री जमा कर तड़के सुबह 4 बजे के करीब अपने घर के लिए निकले शिक्षक की स्कूटी को अज्ञात वाहन ने ठोकर मारी, जिससे मौके पर उन्होंने दम तोड़ दिया. यह घटना बालोद थाना क्षेत्र के दल्लीराजहरा चौक की है. मृतक शिक्षक खेलन सिंह पटेल माध्यमिक शाला तरौद में पदस्थ थे. मृतक टीचर की मतदान केंद्र क्रमांक 38 दिव्यांग मतदान केंद्र में ड्यूटी लगी थी. बालोद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुटी है.



## नैनीताल की आग नियंत्रण से बाहर



**नैनीताल,27 अप्रैल.** जिला मुख्यालय से लगे जंगल में आग इतनी भड़क गई है कि उसे नियंत्रित करना बेहद कठिन हो रहा है। आग की लपटें नैनीताल की हाईकोर्ट कॉलोनी तक पहुंच गई है। इससे रिहायशी इलाकों में दशहत का माहौल देखा जा रहा है। आग पर नियंत्रण के लिए वनकर्मी, सेना और स्थानीय प्रशासन के लोग जुटे हुए हैं। इसके बाद भी आग लगातार भड़क रही है। यदि स्थिति नियंत्रण से बाहर हुई तो आग को बुझाने के लिए हेलीकॉप्टरों को भी लगाया जा सकता है। नैनीताल प्रशासन ने आग बुझाने के लिए 42 कर्मियों को तैनात किया है। नैनीताल के डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर चंद्रशेखर जोशी ने बताया, हमने आग बुझाने के लिए मनोरा रेंज के 40 कर्मियों और दो वन रेंजरों को तैनात किया है।उत्तराखंड के वन विभाग ने कहा है कि 24 घंटों में राज्य के कुमाऊं क्षेत्र में जंगल में आग लगने की 26 और गढ़वाल क्षेत्र में पांच घटनाएं सामने आईं। आग के कारण 33.34 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नैनीताल जिला मुख्यालय के पास लगी आग से पाइंस इलाके में स्थित हाई कोर्ट कॉलोनी के निवासियों के लिए खतरा पैदा हो गया है। इससे यातायात भी बाधित हुआ। स्थानीय निवासी ने बताया, आग ने पाइंस के पास स्थित एक पुराने और खाली घर को अपनी चपेट में ले लिया है। इससे हाईकोर्ट कॉलोनी को कोई नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन यह खतरनाक रूप से इमारतों के करीब पहुंच गई है। बीती शाम से आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं।पाइंस इलाके के पास सेना के संवेदनशील ठिकानों तक आग पहुंचने की आशंका है। जंगल में लगी आग के कारण नैनीताल जिला प्रशासन ने नैनी झील में बोटिंग करने पर भी रोक लगा दी है। उत्तराखंड के अधिकारियों ने जखोली और रुद्रप्रयाग में जंगल में आग लगाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। रुद्रप्रयाग के डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर अभिमन्यु ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जंगल की आग को रोकने के लिए गठित टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक जखोली के तड़ियाल गांव का नरेश भट्ट था, जो जंगल में आग लगाते हुए पकड़ा गया था। कथित तौर पर उसने आग इसलिए लगाई ताकि उसकी भेड़ों को नई घास मिल सके। वहीं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रशासन को अलर्ट पर रहने और जंगल की आग को रोकने के लिए उपाय करने को कहा है। बता दें कि पिछले साल 1 नवंबर से राज्य में जंगल में आग लगने की कुल 575 घटनाएं सामने आई हैं.

## बीरनपुर कांड की तरीके से होगी जांच : गृहमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,27 अप्रैल.** बीरनपुर की घटना पर सीबीआई जाँच को लेकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देखिए दो चीजें हैं. घटना क्या हुई, आखिर घटना क्यों हुई और इसके साथ बात आगे कैसे बढ़ी, इसकी जांच होगी. प्रदेश में ऐसा दोबारा होना नहीं चाहिए. सीबीआई इस मामले में पूरी तरीक़े से जाँच करेगी. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगाँव में रोके जाने को लेकर डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि मैंने पता किया है. भूपेश बघेल अंदर जा रहे थे, और उनके साथ सौ और लोग भी अंदर जा रहे थे. इसलिए उन्हें आम लोगों ने पहले रोका. बीजेपी के लोग तो बाद में पहुंचे. उनकी आदत जुमला करने की है. अकेले जाएं ना, इतने लोगों को साथ क्यों जा रहे थे. कांग्रेस के आरोप पर डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार पर तो हम पूरी बात करते हैं, महंगाई ज़्यादा है क्या?, अभी नियंत्रित है महंगाई, लेकिन इस तरह से बात कर के वह मुद्दों से भटकाना चाहते हैं. जब भी राम मंदिर की बात आती है, आलू महँगा हो जाता है. नारायणपुर में कांग्रेस नेता की हत्या पर डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि यह बहुत दुखद है. जनता नक्सलियों के साथ बिल्कुल साथ नहीं है. इन हत्याओं के पीछे क्या मानसिकता है, पता लगाना चाहिए. नक्सलियों से बात लेने के लिए हम हमेशा तैयार हैं. वहीं छत्तीसगढ़ में मतदान को लेकर डिप्टी सीएम ने कहा कि बहुत अच्छा मतदान हुआ है, अच्छी स्थिति है. राजनांदगाँव लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी की जीत होगी, बाक़ी दो लोकसभा में भी बीजेपी आगे है.



## विजय माल्या को फ्रांस के जरिए वापस लाने की तैयारी

**नई दिल्ली,27 अप्रैल.** भारत सरकार भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या को देश लाने की कोशिश कर रही है। इसके लिए सरकार ने फ्रांस के अधिकारियों से बिना शर्त माल्या को भारत को सौंपने की मांग की है।



माल्या अभी ब्रिटेन में है, लेकिन भारत इस वक्त हर उस देश से संपर्क कर रहा है, जहां माल्या की प्रॉपर्टी है। ऐसा इसलिए, अगर माल्या ब्रिटेन छोड़कर दूसरे देश भागता है तो उसे वहां से भारत लाने में ज्यादा समय न लगे। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और फ्रांस के बीच में माल्या के प्रत्यर्पण पर बातचीत 15 अप्रैल को काउंटर-टेररिज्म के वर्किंग ग्रुप की एक बैठक के दौरान हुई। हालांकि, इसकी जानकारी अब सामने आई है। फ्रांस ने इस बैठक में कुछ शर्तों के साथ माल्या के प्रत्यर्पण का ऑफर दिया, लेकिन भारत ने उनसे शर्तें हटाने को कहा है। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी केडी देवल शामिल हुए थे। इसके अलावा बैठक में इंटेलिजेंस एजेंसी के कई अधिकारी भी मौजूद रहे। किंगफिशर एयरलाइंस समेत कई कंपनियों के मालिक रहे भारतीय बिजनेसमैन विजय माल्या पर देश के 17 बैंकों के करीब 9 हजार करोड़ रुपए बकाया हैं। माल्या 2016 में देश छोड़कर ब्रिटेन भाग गया था, जहां से भारत सरकार उसे देश लाने का प्रयास कर रही है। माल्या पर फ्रॉड और मनी लॉन्ड्रिंग के केस चल रहे हैं। 5 जनवरी 2019 को अदालत ने विजय माल्या को भगोड़ा घोषित कर दिया था। पिछले साल जांच के दौरान सीबीआई ने दावा किया था कि माल्या ने साल 2015-16 के दौरान ब्रिटेन और फ्रांस में 330 करोड़ रुपए की संपत्तियां खरीदी थीं। उस वक्त उसकी कंपनी किंगफिशर एयरलाइंस घाटे में थी। माल्या ने खुद बैंकों को कर्ज नहीं चुकाया था। साल 2020 में ED की अपील पर फ्रांस ने वहां मौजूद माल्या की 14 करोड़ की प्रॉपर्टी को सीज कर लिया था।

## बस-पिकअप में टक्कर,चालक की मौत

**रायगढ़,27 अप्रैल।** रायगढ़ बिलासपुर ओडिशा को जोड़ने वाले नेशनल हाइवे 49 खरसिया थाना क्षेत्र के बोराई नाले के पास यात्री बस और पिकअप आमने सामने भिडंत हो गई। हादसे से पिकअप के सामने भाग के परखच्चे उड़ते ही चालक की दर्दनाक मौत हो गई तो उसके परिचालक की हालत गंभीर है। खरसिया थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक हेमंत कश्यप ने बताया कि नेशनल हाइवे 49 खरसिया से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम बरगढ़ के बोराई नाले के पास बीती रात 1 से 2 बजे के बीच बस तथा सफेद रंग की पिकअप क्रमांक - सीजी 13 एएच 0224 में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जबर्दस्त था कि बस से टकराते ही पिकअप का सामने हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होते ही उसका चालक फंस गया। आधी रात को हुई इस दुर्घटना में क्षतिग्रस्त पिकअप के चालक की पिकअप में ही उसकी मौत हो गई, साथ ही उसका साथी लहूलुहान होकर वह बेसुध है। तड़के सुबह दुर्घटना की भनक लगने पर पुलिस ने मौके का जायजा लिया। वहीं, पिकअप के मृतक चालक और उसके अधमरे साथी को खरसिया के सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया है। चूंकि, जख्मी युवक को होश नहीं आया है इसलिए न ही मृतक और उसकी शिनाख्त हो पाई है व न ही हादसे की पूरी जानकारी। यही वजह है कि शव को मर्च्यूरी रूम में रखवाते हुए पुलिस अब घायल के होश आने की प्रतीक्षा कर रही है ताकि घटना की असलियत सामने आ सके। फिलहाल, खरसिया पुलिस भादंवि की धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच पड़ताल कर रही है।



## मवेशियों की तस्करी, आरोपी बंदी

**बिलासपुर,27 अप्रैल.** पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (भापुसे) के निर्देशन में जिले में अवैध कार्यों में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। तखतपुर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम छिरहापारा पचबहरा मे कुछ लोग मवेशियों को पीकप वाहन क्रमांक सीजी- 10 बीजे- 9265 मे भरकर क्रूरतापूर्वक बूचड़ खाना ले जा रहे है जिसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकरियों की दी गई। थाना प्रभारी हरीश चंद्र टांडेकर के द्वारा सूचना तस्दीक एवं कार्रवाई हेतु हमराह स्टाफ एवं गवाह के साथ सूचक के बताये हुए स्थान छिरहापारा पचबहरा पहुंचे जहा उक्त वाहन आते हुए मिला जिसे रोक कर रेड कार्रवाई की गई, पुलिस को देखकर दो लोग भाग गये एवं एक व्यक्ति ड्राईविंग सीट पर बैठा मिला जिसका नाम पूछने पर अपना नाम नाजिम शाह पिता सिफा शाह उम्र 29 साल निवासी बेगीबास देवा थाना गंगोह जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला बताया। उक्त आरोपी के कब्जे से 13 नग भैसा, 07 नग भैसी मवेशी किमती करीबन 200000/- रूपये एवं वाहन क्रमांक सीजी- 10बीजे- 9265 किमती करीबन 300000 जुमला कीमती 500000 रूपये को बरामद किया जाकर मौके की कार्यवाही किया जाकर आरोपी के विरूद्ध धारा धारा- 4,6,10 कृ.प.परि.अधि.11(घ) कृ.प.क्रुरता अधि. के तहत कार्यवाही किया जाकर आरोपी को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है। आरोपियों का नाम- 1.नाजिम शाह पिता सिफा शाह उम्र 29 साल निवासी बेगीबास दवा थाना गंगोह जिला सहारनपुर (उ0 प्र0)

## नक्सलियों ने की पूर्व जनपद सदस्य की हत्या

**दंतेवाड़ा,27 अप्रैल.** दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर क्षेत्र के गांव पोटली मिर्चीपारा में बीती रात नक्सलियों ने पूर्व जनपद सदस्य व कांग्रेस के नेता रह चुके जोगा पोडियामी की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद से परिवार में जहां शोक की लहर छा गई, वहीं इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई है। जहां परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतक जोगा पोडियामी विगत कई वर्षों से कांग्रेस में रहकर कार्य कर रहा था। इन्हीं कार्यों की वजह से वहां की जनता ने उसे जनपद सदस्य भी बनाया था, लेकिन क्षेत्र में लगातार लोगों को मतदान और अन्य कार्यों के लिए जागरूक किये जाने के कारण नक्सलियों के टारगेट पर भी चल रहे थे, शुक्रवार की रात को करीब 20 से अधिक नक्सली जोगा पोडियामी के घर पहुंचे। जहां से उसे घर के बाहर लाकर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी गई। सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि विधानसभा चुनाव के समय भी और अब लोकसभा चुनाव के दौरान भी नक्सलियों ने उन्हें इन सब से दूरी बनाए रखने की बात कही थी.




## एक नजर

### आरोपी रोशन निषाद गिरफ्तार



**भिलाई, 27 अप्रैल।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र लक्ष्मीनगर में एयरगन से दामाद ने अपनेदियासुर पर वार कर दिय आरोपी दामाद के साथ आने वाले उसके साथी को पुलिस ने देर शाम आरोपी रोशन निषाद को गिरफ्तार कर लिया फरार आरोपी दामाद की तलाश की जा रही है एएसपी सुखनंदन राठौर और भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी मौके पर पहुंचे घायल और परिजनों से बातचीत की पुलिस ने मामले में आरोपी दामाद चंद्रशेखर सिंह के खिलाफ आरोपी धारा 307 के तहत प्रकरण दर्ज किया है आरोपी की तलाश की जा रही है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि घटना गुरुवार रात करीब 8 बजे की है। लक्ष्मी मार्केट निवासी ओमप्रकाश राय (55 वर्ष) की शिकायत पर उसके दामाद चंद्रशेखर सिंह के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है ओमप्रकाश राय ने पुलिस को बताया कि पांच रास्ता कांट्रेक्टर कॉलोनी निवासी चंद्रभूषण सिंह से 3 साल पहले उनकी बेटी पूजा राय ने अपने पसंद से शादी की चंद्रभूषण पेशे से ड्राइवर है और उसे शराब की लत है अभी दोनों के बीच अनबन चल रही थी 23 अप्रैल को उससे नाराज बेटी घर आ गई गुरुवार शाम 6.30 बजे चंद्रभूषण अपने एक साथी के साथ घर आया शराब के नशे में घर के आंगन में घुस गया और बेटी से विवाद करने लगा उसकी दो वर्ष की बच्ची मान्या को जबरदस्ती छीनने लगा ओमप्रकाश ने उसे मना किया। दामाद ने क्रोध में आकर जेब से रिवाल्वर जैसी कोई वस्तु निकाली और फायर कर दिया रिवाल्वर का छर्रा ओमप्रकाश के बाए आंख के नीचे लगा जिससे खून बहने लगा। वह जमीन पर गिर गया चंद्रभूषण अपने दोस्त के साथ बाइक पर बैठा और मौके से फरार हो गया बेटी ने तत्काल टेम्पो बुलाकर ओमप्रकाश को पहले जिला अस्पताल ले गई। वहां रेफर करने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराई।बाएं आंख में लगे तीन टांके भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर से बात की संभावना जताई गई कि एयरगन था उसका छर्रा आंख के नीचे लगा जिससे हड्डी फैक्चर हो गया डॉक्टरों ने उसका उपचार किया और तीन टांके आए है ओमप्रकाश खतरे से बाहर है।

### ऑनलाइन ठगी

**भिलाई, 27 अप्रैल।** भिलाई एक व्यक्ति 5 ने आनलाइन पर्दा मंगाया। पर्दा पसंद ने नहीं आने पर वापस कर दिया। न डिलिवरी बाय ने रकम जल्द वापस र आने की बात कही। कुछ दिन बाद में प्रार्थी के मोबाइल पर एक फोन आया। न फोन करने वाले ने पर्दा का पैसा वापस करने के बहाने मोबाइल पर एक लिंक भेजा क्लिक करते ही एकाउंट से पैसा पार हो गया पुलगांव पुलिस ने बताया कि कदम कैपिटल अंजोरा निवासी जगजीत सिंह ने कुछ दिन पूर्व अमेजन शापिंग से पर्दे का आर्डर दिया था प्रार्थी को पर्दा पसंद नहीं आया उसने पर्दे को वापस भिजवा दिया डिलीवरी बाय ने कहा कि उनके द्वारा पर्दे की दी गई रकम 1,999 रुपये उनके खाते में वापस आ जाएगी 25 अप्रैल को प्रार्थी के मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने पूछा कि पर्दा वापस होने के बाद रकम मिली कि नहीं। जब प्रार्थी ने कहा कि रकम वापस नहीं मिली है, तब अज्ञात मोबाइल धारक ने एक लिंक भेजा और कहा इस लिंक को क्लिक कर दें पैसा मिल जाएगा।उसके झांसे में आकर जब प्रार्थी ने लिंक को क्लिक किया तो उसके खाते से रकम पार हो गया अज्ञात मोबाइल धारक ने जगजीत सिंह के खाते से 92 हजार 992 रुपये निकाल लिए। प्रार्थी की शिकायत पर पुलगांव पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 420 के तहत प्राथमिकी दर्ज



कर लिया है ।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 27 अप्रैल।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है युवक के खिलाफ पुलिस ने आबाकरी एक्ट के तहत जुर्म सने दर्ज किया है कुम्हारी टीआई जनकराम कुर्रे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम कपसदा निवासी रमेश डहरिया को पकड़ा गया उसके पास से पुलिस ने 50 पौवा देशी अवैध शराब जब्त किया जिसकी कीमत 5500 रुपए आंकी गई है ।

### उड़नदस्ता दलों की शिफ्ट वाइस लगाई गई ड्यूटी

**दुर्ग 27 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा उड़नदस्ता दल का गठन किया गया था। पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए विधानसभा दुर्ग शहर-64 के लिए उड़नदस्ता दलों की शिफ्ट वाईस अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।दल प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र श्री पंकज कुमार के सहयोगी कर्मचारी पटवारी श्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की ड्यूटी दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक लगाई गई है। दल प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र श्री नितिन कनिकडैली के सहयोगी पटवारी श्री विमल कुमार की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक, दल प्रभारी प्राध्यापक श्री रूपेश कुमार वर्मा शासकीय चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय धमधा के सहयोगी पटवारी श्री राजेश कुमार मरकाम की ड्यूटी सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाई गई है। उप अभियंता नगर तथा ग्राम निवेश दल प्रभारी श्री संदीप पटेल के सहयोगी ग्रामीण उद्यान अधिकारी श्री रविश कुमार साहू की ड्यूटी दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक, सहायक प्राध्यापक दल प्रभारी श्री मोती राम साहू शासकीय वि.या.ता.स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहयोगी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री भुनेश्वर कुर्रे की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से स पुरोहित की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक, प्रशिक्षक शिक्षक एचआरडीसी श्री सचिन्द्र प्रताप सिंह के सहयोगी श्री त्रिभुवन दयाल मिश्रा की ड्यूटी सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाई गई है।

# भगवान शिव एवं माता पार्वती की मूर्ति की धूमधाम से स्थापना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 अप्रैल।** वैशाली नगर क्षेत्र के बाबा दीप सिंह नगर (सुन्दर नगर) स्थित माता जी के दुर्गा मंदिर में भगवान शिव एवं माता पार्वती की मूर्ति की स्थापना के साथ प्राण प्रतिष्ठा का मंगल कार्य धूमधाम के साथ संपन्न हुआ । मंदिर की माताजी श्रीमती धर्मवती शुक्ला की देखरेख में आयोजित हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधान पंडित कृष्ण कुमार पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से प्रतिमाओं में प्राण प्रतिष्ठा कर मंदिर में स्थापित कराया। इसके लिए तीन दिनों तक लगातार हवन-पूजन एवं अन्य धार्मिक विधियों एवं वैदिक रीति से पूजा-पाठ किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लेकर प्राण प्रतिष्ठित मूर्ति की पूजा अर्चना की। विद्वान पंडितों एवं पुजारियों के साथ ही स्थानीय धर्मप्रेमी प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में जुटे रहे। अंतिम दिवस आयोजक माताजी श्रीमती धर्मवती शुक्ला ने दुर्गा मंदिर में भगवान शिव एवं माता पार्वती की मूर्ति की स्थापना पर कन्या पूजन भोग-प्रसाद भंडारे का आयोजन किया। प्रतिमा स्थापना का धार्मिक कार्य बुधवार से श्रीगणेश हुआ और शुक्रवार 26 अप्रैल को सम्पन्न हुआ। कलश पूजन, वेदी पूजन, नवग्रह पूजन, भगवन शैया शयन, अभिषेक, स्थापना आदि का शुभ कार्य तीन दिनों तक निर्विघ्न चलता रहा। भगवान शिव एवं माता पार्वती की सजीव दिखने वाली यह मूर्ति साउथ वाले भाई-बहिनों ने भेंट किया है। इस कार्यक्रम में भैयालाल शुक्ला, श्रीमती मालती शुक्ला, सुजाता शुक्ला, डॉ. रोहिणी प्रसाद मिश्रा, भिलाई इस्पात संयंत्र श्रमिक यूनियन के वरिष्ठ नेता इन्द्रमणि प्रसाद मिश्रा, श्रीमती मुन्नी पांडेय, श्रीमती रानी मिश्रा, श्रीमती मंजू तिवारी, छठीलाल दूबे, श्रीमती सीता मिश्रा, राजमणि मिश्रा, श्रीमती देवकली मिश्रा, श्रीमती बबिता दुबे, श्रीमती एच के पांडेय, श्रीमती रुख्मणि मिश्रा, बबलू सिंह, संजय उपाध्याय, अर्चना सहित सैकड़ों की संख्या में मातृ शक्ति एवं भक्तजन उपस्थित रहे। शिव-पार्वती की यह मूर्ति यहाँ लक्ष्मी-नारायण, गौरी-गणेश, कार्तिकेय एवं भोले बाबा शिवलिंग, नंदी के मध्य वाले रिक्त खंड में प्राण प्रतिष्ठित होगी। यह बहुत ही शुभ है। यह मूर्ति राजस्थान के मकराना से आयी है।

## डाक मतपत्र के माध्यम से सुविधा केन्द्र में 28 अप्रैल से 1 मई एवं 4 से 6 मई तक मतदान

**दुर्ग, 27 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले के मतदाता (जिला दुर्ग एवं अन्य जिले में कार्यरत) जो कि मतदान दिवस पर निर्वाचन कार्य से ड्यूटी पर तैनात रहेंगे, को डाक मतपत्र के माध्यम से विधानसभावार सुविधा केन्द्र साईंस ब्लाक बीआईटी कॉलेज दुर्ग में 28 अप्रैल से 01 मई एवं 04 से 06 मई 2024 तक मतदान कराए जाने हेतु अधिकारी-कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र पाटन-62 के लिए सुविधा केन्द्र साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 22 में सहायक प्राध्यापक श्रीमती सोमाली गुप्ता शा.वि.या.ता.महा.वि., श्रीमती के.पदमावती, सहा.ग्रे.2 श्री साकेत तिवारी वाणिज्यकर, नगर निगम सहा.ग्रे 2 श्री संजय निर्मलकर, सेजस शिक्षा विभाग सहा.ग्रे.3 श्री सोनल साहू, नगर पालिक निगम सहा.रा.निरी. श्री भगत सिंह यादव, डा.एं.आ. वाणिज्यकर श्रीमती ममता, भृत्य श्री गंगा यादव की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण-63 के लिए सुविधा केन्द्र साइंस ब्लाक भू तल कक्ष क्रमांक 05 में सहा. प्रा. शा.महा.उतई डॉ.सीमा अग्रवाल, सहा.प्रा.साईस कॉलेज डॉ.अंशुमाला चंदनगर, डा.एं.आ.सीएसवीटीयू श्री सत्यप्रकाश मिश्रा, श्री ओंकार कश्यप, नगर पालिक निगम सहा.रा.निरी. श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव, डा.एं.आ. वाणिज्यकर श्री त्रिलोचनी आर्या, डा.एं.आ.भि.म.महा. कल्पना निहाल, भृत्य श्री टोमन साहू की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र दुर्ग शहर-64 के लिए सुविधा केन्द्र साइंस ब्लाक भू तल कक्ष क्रमांक 06 में सहा.प्रा. शास.पालीटेक्नीक सुश्री ममता अग्रवाल, सहा.प्रा.शा.मॉडल कॉलेज धनोरा सुश्री श्वेता साव, व्याख्याता श्रीमती शिल्पी सिंह, सेजस खुर्सीपार सहा.ग्रे3 श्री योगेश साहू, वाणिज्य कर विभाग सहा.ग्रे2 श्रीमती उषा कोशे, नगर पालिक निगम सहा.रा.निरी. श्री शशिकांत यादव, डा.एं.आ. वाणिज्यकर सुश्री लिलेश्वरी, भृत्य श्री गजराज यादव की ड्यूटी लगाई गई है। सुविधा केन्द्र साइंस ब्लाक भू तल कक्ष क्रमांक 07 में सहा.प्रा. शास.पालीटेक्नीक डॉ. रचना सिंह, शा.वि.या.ता.महा.वि सहा.प्रा. डॉ. कुसुमांजली देशमुख, सेजस सहा.ग्रे.2 श्री पप्पू लहरे, वाणिज्यकर सहा.ग्रे3 श्री हेम रवि ठाकुर, न.पा.नि.सहा ग्रे3 श्री तपन यादव, प्रशिक्षण अधिकारी श्री निमेश दुबे, डा.एं.ऑ छ.ग.वि.त.वि. श्री मनीष कश्यप, भृत्य श्री शेख अब्दुल नावेद की ड्यूटी लगाई गई है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने जिले को किया गौरवान्वित

**दुर्ग, 27 अप्रैल ।** प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 12वीं सत्र 2023-24 में अध्ययनरत गणित विषय के 44 विद्यार्थियों ने आई.आई.टी. जे.ई.ई. मेन्स के लिए फार्म भरा था। उक्त 44 विद्यार्थियों में से 18 विद्यार्थी आई.आई.टी. जे.ई.ई. एडवांस में क्वालीफाईड हुए है। प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग मुख्यालय मालवीय चौक में संचालित हैं। उक्त विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक 500 विद्यार्थियों को निःशुल्क अध्ययन के साथ-साथ जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क कोचिंग की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें चयनित संस्था गुरुकृपा कैरियर इंस्टीट्यूट का अत्यधिक महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रशासन एवं चयनित संस्था द्वारा प्रातः 6 बजे से शाम 5.30 बजे तक अध्यापन एवं कोचिंग के साथ साथ व्यक्तित्व विकास एवं विभिन्न क्रियाकलाप, व्यक्तिगत रुचि लेते हुए पूर्ण किए जाने का ही परिणाम है जो उक्त बहुत अच्छा परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ है। परीक्षा परिणाम से विभाग एवं जिला प्रशासन गौरन्वित हुआ है। इसके पूर्व वर्षों की तुलना में वर्ष 2023-24 में अत्यधिक सफलता मिली है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने उक्त क्वालीफाइड हुए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आईआईटी. जे.ई.ई. एडवांस में सफल होने का शुभकामनाएं दी है। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्री हरवंश सिंह मिरी तथा श्री हेमन्त कुमार सिन्हा सहायक आयुक्त के साथ कोचिंग संचालक एवं प्रशासकीय अधिकारी तथा अधीक्षकों ने जिला प्रशासन के सहयोग के लिए कलेक्टर सुश्री चौधरी से मिलकर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी।



### विधायक रिकेश ने किया प्याऊ घर का उद्घाटन

**भिलाई, 27 अप्रैल।** घड़ी चौक सुपेला में विधायक प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह द्वारा प्याऊ घर प्रारंभ किया गया जिसका उद्घाटन भीषण गर्मी तेज धूप में शहर की यातायात व्यवस्था को संभालने वाले सिपाही को शीतल जल पिला कर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने किया। इस प्याऊ घर में देशी गुड़ और मटके का शुद्ध शीतल जल सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक नागरिकों व यात्रियों के सेवार्थ उपलब्ध रहेगा।

### संतोष पांडे दो लाख से अधिक मतों से विजयी होंगे : भाजपा मीडिया सेल

**राजनांदगाँव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के दो लाख से अधिक मतों से विजयी होने का दावा भाजपा मीडिया सेल ने किया हैं। भाजपा मीडिया सेल प्रभारियों योगेश दत्त मिश्रा, अशोक लोहिया व अमर लालवानी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दावा किया गया कि लोकसभा के इस चुनाव में भीषण गर्मी व शादियों के जबरदस्त माहौल के बावजूद संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

पूरे क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व मतदान से यह बात साफ हो गया है की लोगों ने एक बार फिर मोदी जी की गारंटी पर विश्वास किए और कांग्रेस की न्याय योजना को ठुकरा दिया। संसदीय क्षेत्र सुदूर ठेठ ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी व कस्बाई क्षेत्रों में मतदाताओं ने वोट डालने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया मतदाता लंबी लाइनों में खड़े हो कर अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए।

## सेकेंडरी सेल्स में दर्ज किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड

**भिलाई, 27 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में मार्केटिंग और बिजनेस प्लानिंग विभाग द्वारा, 36400 टन की डिफेक्टिव स्टील कटिंग आइटम की सेकेंडरी सेल्स ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड दर्ज किया है। यह बिक्री 19 अप्रैल, 2024 को ऑक्शन के माध्यम से की गई थी। डिफेक्टिव स्टील आइटम के लिए सिंगल ऑक्शन सेल में पिछली उपलब्धि, दिसंबर 2020 में प्राप्त हुई थी। महाप्रबंधक जगन्नाथ रथ के मार्गदर्शन में महाप्रबंधक मनोज कुमार के साथ, मार्केटिंग और बिजनेस प्लानिंग टीम ने ऑनलाइन फॉरवर्ड ऑक्शन के कई सेल्स रिकॉर्ड बनाने में सफलता हासिल की है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, कोल केमिकल सेल से प्राप्त आय, लगातार दूसरी बार वित्त वर्ष 2023-24 में 600 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। ग्रेनुलेटेड स्लैग का डिस्पैच 25.31 लाख टन है, जो कि एक वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ डिस्पैच है। जो 2022-23 के दौरान हासिल किए गए, 22.59 लाख टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ डिस्पैच से अधिक है। भिलाई इस्पात संयंत्र सदैव ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता देता है और उनकी आवश्यकताओं के अनुसार मांगों को पूरा करता है। चाहे वह विशेष उत्पादों की उपलब्धता की जांच करना हो, ग्राहकों की आवश्यकताओं को जानना और केंद्रीय विपणन संगठन को उत्तर भेजना हो, प्राइम आइटम के साथ-साथ सेकेंडरी आइटम की बिक्री



निष्पादित करनी हो भिलाई इस्पात संयंत्र उन्हें करने हेतु हमेशा तैयार रहता है। साथ ही ग्राहक द्वारा ऑनलाइन भुगतान सुनिश्चित करना हो, वस्तुओं/उत्पादों के प्रेषण के लिए डिलीवरी ऑर्डर जारी करना हो या ग्राहकों की प्रतिक्रिया पर काम करना हो, मार्केटिंग एवं बिजनेस प्लानिंग विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र के सेल्स लूप को आसानी से पूरा कर रहा है। विभाग की जिम्मेदारी, उत्पादन, योजना और नियंत्रण - पीपीसी विभाग के साथ समन्वय करके विशेष उत्पाद तैयार करना है। इसके साथ ही स्टॉकयार्ड में उपलब्धता सुनिश्चित करना और इसे सीएमओ के माध्यम से ग्राहक तक भेजना की जिम्मेदारी भी विभाग की होती है।

## पलायन कर गये मतदाता मतदान करने आएंगे

**दुर्ग, 27 अप्रैल ।** जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत् मतदान करवाने हेतु विविध पहल किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला दुर्ग से पलायन किये हुए मतदाताओं को मतदान दिवस 07 मई 2024 को घर आकर अपने मतदान केन्द्र में मतदान करने हेतु व्यापक स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री बी.के. दुबे ने बताया कि इस हेतु 'घर आ जा संगी' योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्त योजना में 03 जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा एवं पाटन तथा 07 नगरीय परिषद एवं नगर पंचायत कुम्हारी, अमलेश्वर, अहिवारा, जामुल, धमधा, पाटन, उत्तई के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्र से पलायन कर दूसरे जिले एवं राज्य में कार्य कर रहे मजदूरों से फोन एवं वीडियो कॉल के माध्यम से संपर्क कर मतदान दिवस पर मतदान करने हेतु अपने गांव घर आने आग्रह किया जा रहा है। अभी तक जिले में 1309 पलायन मतदाताओं से संपर्क किया गया। जिले से 1295 पलायन मतदाताओं ने मतदान दिवस गांव घर आ कर मतदान करने हेतु अपनी सहमति दी है। जनपद पंचायत दुर्ग से 45, जनपद पंचायत धमधा से 583, जनपद पंचायत पाटन से 514, नगर पालिका परिषद कुम्हारी से 38, नगर पालिका परिषद अमलेश्वर से 18, नगर पालिका परिषद अहिवारा से 37, नगर पंचायत पाटन से 51 और नगर पंचायत उतई से 9 मजदूरों ने मतदान करने की सहमति दी है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र अब पूरे वर्ष देगा वोकेशनल ट्रेनिंग

**भिलाई, 27 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र में वोकेशनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग में प्रवेश के लिए, देश के सभी राज्यों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। बीएसपी में पहले यह वोकेशनल ट्रेनिंग सिर्फ गर्मियों में दी जाती थी। सिर्फ गर्मियों में इसके आयोजन की वजह से इसका लाभ कम लोग ही ले पाते थे। इसलिए संयंत्र प्रबंधन ने विगत 2 वर्षों से वोकेशनल ट्रेनिंग साल भर प्रदान करने का निर्णय लिया है।



**वोकेशनल ट्रेनिंग:-** यह हमारे कौशल को निखारने का एक सशक्त माध्यम है। वोकेशनल ट्रेनिंग हमें व्यापारी, तकनीशियन या किसी भी क्षेत्र में एक कुशल पेशेवर के साथ साथ अनुभवी व्यक्ति के रूप में काम करने के लिए तैयार करती है। वोकेशनल ट्रेनिंग किसी व्यक्ति को उसके अपेक्षित कौशल के साथ लाभकारी रोजगार या स्व-रोजगार के लिए तैयार करता है। इस पर एचआरडी की मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी का कहना है, कि कई बच्चों को स्टील इंडस्ट्री या ऐसे कई व्यावसायिक क्षेत्रों के बारे में जमीनी स्तर की जानकारी नहीं होती है या कम होती है। जिसकी वजह से वह कई अवसरों का लाभ नहीं उठा पाते और अपने अंदर के कौशल को वर्तमान परिपेक्ष्य के हिसाब से ढाल नहीं पाते। वोकेशनल ट्रेनिंग ऐसे ही बच्चों को इंडस्ट्री एक्सप्लोर करने का अवसर प्रदान करता है। यह युवाओं के कौशल को निखार कर उन्हें नवाचारों की गतिशीलता में, हर संभावना की खोज करने के लिए प्रेरित करता है। महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी ने बताया कि वोकेशनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग से विद्यार्थियों को उनके व्यावसायिक जीवन में भी काफी लाभ हुआ है। ये विद्यार्थियों पर निर्भर करता है, कि वे इस वोकेशनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग को कितनी गंभीरता से लेते हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण है कि वोकेशनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग से लाभ प्राप्त कुछ विद्यार्थी आज बीएसपी में ही कार्यरत हैं। उप प्रबंधक सुश्री सुष्मिता पाटला ने कहा कि वोकेशनल ट्रेनिंग का अनुभव हमारे करियर में अहम रोल प्ले करता है। यदि विद्यार्थी इसे अवसर के रूप में लें तो तकनीकी या व्यावसायिक क्षेत्र में मूल्यांकन करना, निर्णय लेना, सुरक्षित कार्य करना, संसाधनों का उचित उपयोग करने जैसी छोटी छोटी बारीकियां सीखते हुए, भविष्य के लिए अपने कौशल का विकास कर सकते हैं।

**क्यों है महत्वपूर्ण:-**कभी ना कभी आपके मन में भी ये सवाल जरूर आया होगा, कि वोकेशनल ट्रेनिंग इतना महत्वपूर्ण क्यों है ? और इससे हमें क्या लाभ होता है ? यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे हमें किसी भी स्ट्रीम की आंतरिक और वास्तविक जानकारी तो होती ही है, इसके साथ ही विषय सम्बन्धित वोकेशनल ट्रेनर और विशेषज्ञों के साथ चर्चा करने का अवसर भी प्राप्त होता है। जहाँ वे अपने अनुभव से प्राप्त ज्ञान साझा कर, जमीनी स्तर की आधारभूत और विषय सम्बन्धित आवश्यक जानकारी प्रदान करते हैं। वोकेशनल ट्रेनिंग ना केवल तकनीकी कौशल निखारता है, बल्कि एक मजबूत कार्य नीति और आत्मविश्वास को भी बढाता है। वोकेशनल ट्रेनिंग को आप एक गेम चेंजर की तरह देख सकते हैं, क्योंकि इससे जो कौशल आप सीखेंगे और जो अवसर आपको प्राप्त होंगे, वो निश्चित तौर पर सार्थक साबित होंगे। एचआरडी के अधिकारियों का कहना है की कभी कभी कुछ संस्थानों से हमें वोकेशनल ट्रेनिंग की पुष्टि के लिए भी संपर्क किया जाता है।

**कौन होगा पात्र:-** भिलाई इस्पात संयंत्र में वोकेशनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, प्रबंधन, फार्मेसी, फिजियोथेरेपी, अग्नि और सुरक्षा, सामाजिक विज्ञान, कानून, मीडिया एवं जनसम्पर्क, कंप्यूटर अनुप्रयोग और ट्रेनिंग के समय लागू अन्य कोई भी स्ट्रीम या पाठ्यक्रम के विद्यार्थी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें देश भर के सभी संस्थानों से विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। इसमें बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों को प्राथमिकता दी जाती है। वोकेशनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग संयंत्र के अंदर और बाहर के सभी विभागों में आवश्यकतानुसार प्रदान किया जाता है।

**प्रक्रिया-**इसके लिए संबंधित संस्थान के प्रमुख/डीन/एचओडी द्वारा सीधे या संबंधित छात्र/छात्राओं के माध्यम से, वोकेशनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग में प्रवेश सम्बन्धी सभी आवश्यक दस्तावेज प्रशिक्षण शुरू होने की तारीख से एक महीने पहले बीएसपी के मानव संसाधन विकास विभाग के महाप्रबंधक को भेजी जाती है या मेल की जाती है। एचआरडीसी प्राप्त आवेदन की जांच करेगा और उपलब्ध सीटों की संख्या पर विचार करते हुए, 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर छात्रों की अंतिम सूची देता है। इसके बाद एचआरडीसी, संबंधित संस्थान के प्रमुख या छात्र/छात्राओं को वोकेशनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग के विवरण के साथ स्वीकृति पत्र भेजता है। फिर प्रशिक्षुओं को एचआरडी से प्राप्त पुष्टि पत्र/मेल, दो तस्वीरें और संस्थान के पहचान पत्र के साथ निर्धारित दिन पर प्रशिक्षण के लिए रिपोर्ट करना होता है।

**संयंत्र कब और कितनों को प्रदान करता है वोकेशनल ट्रेनिंग:-** नए वित्त वर्ष की शुरुआत से पहले, मानव संसाधन विकास विभाग, वोकेशनल ट्रेनिंग और प्रोजेक्ट ट्रेनिंग के लिए प्रशिक्षुओं की संख्या का निर्धारण करती है। संबंधित क्षेत्र में परियोजनाओं की पहचान, व्यावसायिक क्षेत्र में उनकी वर्तमान और भविष्य की मांगों को ध्यान में रखते हुए, पाठ्यक्रम की आवश्यकता अनुसार ये निर्धारण किया जाता है। जो व्यावसायिक तौर पर विद्यार्थियों के कौशल, अध्ययन, सर्वेक्षण तथा संगठनात्मक विकास आदि विषयों में सहायक होंगे। बीएसपी ने वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 1861 प्रशिक्षुओं को वोकेशनल ट्रेनिंग दिया तथा 980 प्रोजेक्ट्स पूरे कराये। प्रशिक्षुओं की सुरक्षा को सर्वोपरी रखते हुए, हाल ही में संयंत्र ने प्रशिक्षुओं की सुरक्षा मानदंडों के आधार पर, उनकी संख्या को सीमित करने का निर्णय लिया है।

**प्रशिक्षण की अवधि:-** बीएसपी में पहले यह वोकेशनल ट्रेनिंग सिर्फ गर्मियों में दी जाती थी। इसके लिए भारी संख्या में विद्यार्थियों के रुझान प्राप्त होते थे, किन्तु सिर्फ गर्मियों में इसके आयोजन की वजह से इसका लाभ कम लोग ही ले पाते थे। इसलिए संयंत्र प्रबंधन ने विगत 2 वर्षों से वोकेशनल ट्रेनिंग साल भर प्रदान करने का निर्णय लिया है। वोकेशनल ट्रेनिंग, पाठ्यक्रम के अनुसार तथा प्रोजेक्ट ट्रेनिंग एक से छह महीने तक प्रदान की जाती है। परियोजना प्रशिक्षण के अंत में, प्रशिक्षुओं द्वारा परियोजना रिपोर्ट की एक प्रति भी जमा की जाएगी और अगले दिन प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

## एक नजर

### बीमार महिला के मतदान करने को भाजपा नेता ने प्रेरणादायक बताया

**राजनांदगांव 27 अप्रैल।** आज लोकतंत्र का महान पर्व लोकसभा चुनाव का मतदान संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न प्रकार के मामले देखने को मिले। इसी तरह के मामले को भाजपा नेता खूबचंद पारख ने प्रेरणादायक बताया । भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कुर्सी में बैठी महिला श्रीमती शारदा वैष्णव है जो कि अटलनगर लखोली में रहती है, भाजपा की वरिष्ठ महिला नेत्री है, कैंसर जैसे असाध्य रोग से जूझ रही है डॉक्टरों ने जवाब दे दिया है डोंगरगांव के पास के गांव में आर्युवेदिक इलाज चल रहा है। देश हित स्वयम जाकर मतदान किया। भाजपा के चुनाव सह समन्वयक खूबचंद पारख ने उनके निवास में जाकर उनके जज्बे और उनके पार्टी के प्रति समर्पण को प्रणाम किया। साथ ही शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

### मैदानी अधिकारियों को फील्ड में रहने की चेतावनी

**रायपुर 27 अप्रैल।** रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने मैदानी अधिकारियों से फील्ड में अधिक रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लापरवाही करने पर सीआर में लिख देने की चेतावनी भी दी है। फील्ड में काम होने की निगरानी के लिए निगम द्वारा एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। कौन अधिकारी कहाँ पर है और क्या काम करा रहा है उसकी तस्वीर खींचकर अपलोड करने के लिए कहा जा रहा है। ऐसे करने से कार्य में तेजी आएगी और कार्य समय पर पूर्ण भी सकेंगे। आईटी के माध्यम से 18 से 24 अप्रैल तक फील्ड में रहने की समीक्षा की गई कि किस अधिकारी कितने प्रतिशत समय फील्ड में दिया। इसमें कुछ अधिकारियों के कमजोर रिपोर्ट को देखकर कमिश्नर श्री मिश्रा नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि फील्ड रिपोर्टिंग की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। इसके लिए निगम की आईटी की एक टीम भी बनाई गई है । उन्होंने चेतावनी दी कि जिनका रिपोर्ट कमजोर रहेगा उनके सीआर में इस बारे में लिख दिया जाएगा।

### सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेकर दिया मतदान का संदेश

**राजनांदगांव 27 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने गुरूनानक स्कूल स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 42 पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर ने मतदान केन्द्र में मतदाताओं के साथ लाईन में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर मतदान किया। कलेक्टर ने मतदान कर लोकतंत्र के उत्सव में अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान उन्होंने मतदान करने के बाद सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेकर मतदान करने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करने के लिए सभी नागरिकों से घर से बाहर निकलकर परिवार के साथ मतदान करने की अपील की।

### कलेक्टर ने युवा मतदाताओं को किया प्रोत्साहित

**राजनांदगांव 27 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने आज राजनांदगांव शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित रही। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने मतदान केन्द्र कैलाश नगर टांकापारा, शंकरपुर, मतदान केन्द्र चिखली, मतदान केन्द्र ढाबा, मतदान केन्द्र सुन्दरा, मतदान केन्द्र सोमनी का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारियों से मतदान प्रतिशत के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मतदान केन्द्र क्रमांक 28 ढाबा में छोटे बच्चे को लेकर आई श्रीमती दिलेश्वरी पटेल और श्रीमती सुमन पटेल से बात की। उन्होंने मतदान के प्रति उनकी सजगता के लिए सराहना की। मतदान केन्द्र में पेयजल एवं छांव सहित अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदान केन्द्र शंकरपुर में पहली बार मतदान करने के लिए लाईन में लगी खूशबू डोंगरे, आरती डोंगरे, स्वेता गणवीर से बात की। उन्होंने युवाओं को मतदान कर मजबूत लोकतंत्र बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्काउड गाईड के विद्यार्थियों को बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के सहयोग के लिए मतदान मित्रों के रूप में स्काउट-गाईड, एनसीसी के विद्यार्थियों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने मतदान केन्द्र में मतदाताओं को पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले के मतदान केन्द्रों में मतदाताओं में बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदान केन्द्रों में सुबह से ही मतदाता लम्बी-लम्बी लाईन में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। जो मतदान के प्रति जागरूकता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में उसे मजबूत करने के लिए जितना ज्यादा लोग घरों से निकलकर मतदान करेंगे उतना हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों में बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है।

### पुलिस अधीक्षक ने की मताधिकार का प्रयोग करने की अपील

**राजनांदगांव 27 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने अपनी पत्नी के साथ गुरूनानक स्कूल स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 42 पहुंचकर मतदान किया। पुलिस अधीक्षक ने लोकतंत्र के उत्सव में अपनी सहभागिता निभाते हुए सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उन्होंने नागरिकों से बिना किसी डर व प्रलोभन के अपने मताधिकार का उपयोग करने कहा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने अपनी पत्नी के साथ मतदान करने के बाद सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेकर मतदान करने का संदेश दिया।

# मतदान करने नागरिकों में रहा अभूतपूर्व उत्साह

**मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए की गई थी चाक-चौबंद व्यवस्था, लोकतंत्र के उत्सव में सहभागी बनने घरों से निकले मतदाता**



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में राजनांदगांव जिले के मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। लोकतंत्र के इस उत्सव में भागीदारी बनने के लिए जिले में मतदाता सुबह से ही मतदान केन्द्रों में पहुंचने लगे थे। मतदाताओं में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केन्द्रों में अभूतपूर्व उत्साह और उल्लास देखने को मिला। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की लाईन लग गई थी। सभी मतदाताओं ने कतार में लगकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह सिलसिला मतदान समाप्ति तक चलता रहा। महिलाओं के साथ ही बुजुर्ग, दिव्यांग, युवा एवं पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं ने भी उत्साहपूर्वक मतदान किया। मतदान केन्द्रों में बनाए गए सेल्फी जोन में फोटो खींचाकर मतदाताओं ने अपनी खुशी जाहिर की। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। स्कॉउट-गाईड के बच्चों ने मतदान करने पहुंचने वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की सेवा भाव से मदद की। स्काउट एवं गाइड के बच्चों ने बुजुर्ग मतदाताओं को सेवा भावना के साथ व्हील चेयर से मतदान केन्द्रों तक लाया। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में छांव, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रही। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव में बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव का मतदान कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। लोकतंत्र के उत्सव में मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सुबह से ही मतदान केन्द्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदाताओं की लंबी कतार देखनों को मिली। समाचार लिखे जाने तक प्राप्त अनंतिम आकड़े अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव अंतर्गत शाम 6 बजे तक 72.93 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतंत्र के उत्सव में सहभागी बने। शाम 6 बजे के बाद भी विभिन्न मतदान केन्द्रों में बहुत से मतदाता कतार में खड़े हुए हैं। अनंतिम आकड़े के अनुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया में 68.30 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा में 70.20 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ में 75.25 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ में 78.23 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव में 72.48 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव 73.23 में प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी में 75.22 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर में 75 प्रतिशत मतदान हुआ है।



### दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर में बैठाकर पहुंचाया गया मतदान केन्द्र



**मोहला 27 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में दिव्यांग मतदाताओं ने उत्सह पूर्वक मतदान किया। वे दिव्यांग होने के बाद भी लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया। दिव्यांग मतदाओं को मतदान केन्द्र में उपब्लध व्हीलचेयर की सुविधा में उन्हें बैठाकर बड़े आराम से मतदान केन्द्र तक पहुंचाया गया और मतदान कराया गया। दिव्यांग मतदाताओं ने व्हीलचेयर की व्यवस्था को देख कर शासन प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### एक वोट की कीमत का महत्व, बारात जाने से पहले दूल्हे ने किया मतदान



**मोहला 27 अप्रैल।** लोक सभा निर्वाचन अंतर्गत जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में विकासखंड मानपुर अंतर्गत औंधी क्षेत्र के ग्राम नेवरगांव के मेघनाथ निर्मलकर ने अपनी शादी के दिन बारात जाने से पहले एक जागरूक मतदाता होने का फर्ज निभाया और बूथ क्रमांक 229 बोडेगांव में वोट डाल कर अपनी बारात में रवाना हुए। इसी प्रकार गुहाटोला निवासी गणेश ने भी अपनी शादी के दिन बारात जाने से पहले अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए बारात जाने से पहले मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। इस तरह दोनों दुल्हों ने लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित किये।

## मेहंदी रचे हाथों की उंगली पर लगी अमिट स्याही विवाह के मंडप से दूल्हे संग दुल्हन आई वोट डालने

**डोंगरगांव 27 अप्रैल।** अंचल के कबीर मठ नादिया में युवा स्वयंसेवक समाजसेवी हिमांचल प्रसाद के नेतृत्व में एक शादी के जोड़े को वोट डलवाया गया। जब विदाई का समय हो रहा था तो अपने ससुराल जाने से पहले उनसे वोट डालने का आग्रह किया गया जिसे स्वीकार दुल्हन अपने मताधिकार का प्रयोग करने मतदान केंद्र आई। ग्रामीण डिलेश्वर साहू ने इस पहल को ऐतिहासिक बताया, उन्होंने कहा कि यह गांव में पहला अवसर है जब कोई दुल्हन शादी के जोड़े में मतदान करने आई।दुल्हन का भाई मुकेश रावटे ने भावुक होकर अपने विचार व्यक्त किए कि तमाम व्यस्तताओं के बाद भी मेरी बहन ने वोट डाला है यह समाज के हर वर्ग को मतदान के लिए प्रेरित करेगा। मतदान केंद्र में टीम द्वारा उनका सम्मान किया गया।



उल्लेखनीय है कि दुल्हन संध्या जिनका विवाह डोंगरगांव नगर के भूपेंद्र के साथ हुआ है। संध्या कबीर मठ नादिया के दानवीर भक्त मंगतू ठाकुर के वंशजों में से हैं। जिसने अपनी सारी संपत्ति आश्रम में दान कर दिया था। उक्त अवसर पर हिमांचल प्रसाद साहू, श्रवण ठाकुर, डिलेश्वर साहू, नवनीत, मुकेश रावटे,राहुल सहित दूल्हे दुल्हन के परिजन एवम् बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदान केंद्र में उपस्थित रहे। समस्त ग्रामीणजन इस पहल की खुले ह्रदय से प्रशंसा कर रहे हैं।

### कलेक्टर जयवर्धन एवं जिला अधिकारियों ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग



मानपुर ब्लाक के गढ़डोमी में मतदाताओंका उत्साह, चिलचिलाती धूप में कतारबद्ध मतदाता पर्ची रखकर अपनी बारी का इंतजार करते ग्रामीण

**मोहला 27 अप्रैल।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज मतदान दिवस पर मोहला के बाजार चौक स्थित प्राथमिक शाला मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर ने यहां मतदान कर जिले के मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया। कलेक्टर ने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र द्वारा प्रदत्त सबसे बड़ा संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि मतदान करने से देश की लोकतंत्र की व्यवस्था को मजबूती मिलती है। उन्होंने मतदान कर लोकतंत्र में अपनी सहभागिता देते हुए कहा कि मतदान का अधिकार देश का भविष्य और आने वाले भविष्य को निर्धारित करता है। इस अवसर पर जिला में पदस्थ अधिकारी सयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, एसडीएम मोहला डॉ.हेमेन्द्र भुआर्य, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, तहसीलदार मोहला सुश्री संध्या नामदेव ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## चुनाव प्रचार के समय अभद्र व्यवहार करने वालों पर एफआई दर्ज

**डोंगरगढ़ 27 अप्रैल।** पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर बताया है कि 23 अप्रेल 2024 को लोकसभा चुनाव 2024 के चुनाव प्रचार एवं जन जंपर्क अभियान के दौरान पवन जैन के साथ ग्राम डुंडेरा के नरेन्द्र वर्मा, भुखन वर्मा एवं नंद किशोर कंवर के द्वारा रास्ता रोकर अश्लील गाली गलौ कर जान से मारने की धमकी देने पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध पंजीबद्ध किया गया । प्रकरण में त्वरित कार्यवाही कर आरोपी नरेन्द्र वर्मा, भुखन वर्मा को गिरफ्तार कर जमानत पर छोड़ा गया एवं पुनः चुनाव में शांति भंग एवं संज्ञेय अपराध की घटना घटित करने की अंदेशा पर विधिवत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई ।




### अंगुली पर नीली स्याही दिखाकर ले सकेंगे ऑफर का लाभ

**रायपुर 27 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशन में 07 मई को सब करें मतदान कैंपेन से कई संस्थाएं स्वमेव जुड़ने लगी है। कई बड़े हॉटल, रिसॉर्ट्स, अस्पताल, अपने ग्राहकों को 07 मई को मतदान के बाद उनके संस्थान आने पर कई तरह की छूट की घोषणा की है। इन संस्थाओं का मानना है कि भारतीय लोकतंत्र में मतदान न सिर्फ अधिकार, बल्कि एक ऐसा संवैधानिक दायित्व है, जिसके माध्यम से आम मतदाता देश की प्रगति में अपनी बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है, इसलिए इन संस्थाओं ने मतदान की जिम्मेदारी निभाने वाले मतदाताओं और उनके परिजनों, मित्रों व परिचितों के लिए अपनी सेवाओं में विशेष ऑफर देकर लोकतंत्र का सम्मान किया जा रहा है।

### मतदान की गोपनीयता भंग करने वालों के विरुद्ध हो सकती है कड़ी कार्रवाई

**थाना डोंगरगढ़ से जनहित में फरमान जारी**

**डोंगरगढ़ 27 अप्रैल।** आसन्न लोकसभा निर्वाचन- 2024 में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है एवं 26 अप्रेल 2024 को द्वितीय चरण का मदतान जारी रहा है जिसमें डोंगरगढ़ थाना अन्तर्गत कुछ मतदताओं द्वारा अपने दिये गये मत को मतदान कक्ष के अन्दर रखे बैलेट युनिट का बटन दबाते हुये फोटो मोबाईल में खींचकर अपने विभिन्न सोशल मीडिया में डालकर अपने मतदान की गोपनियता को भंग किये जो कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 के अन्तर्गत अपराध है अतः ऐसे कृत्य करने वाले लोगों के खिलाफ थाना डोंगरगढ़ में वैधानिक कार्यवाही किया गया है और विभिन्न सोशल मीडिया में डाले गये पोस्ट को डीलिट कराया गया है। आगे भी इस प्रकार के अपने मतदान की गोपनियता भंग करने वाले के खिलाफ सक्त कानुनी कार्यवाही किया जावेगा।



### भूपेश बघेल ने मतदान बूथों पर कार्यकर्ताओं का किया उत्साहवर्धन

**डोंगरगढ़ 27 अप्रैल।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डोंगरगढ़ में बूथ में पंहुचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।*इस दौरान विधायिका हर्षिता स्वामी बघेल, थानेश्वर पाटिला, संध्या देशपांडे, संजीव गोमास्ता, धीरज मेश्राम, प्रजेश सहारे सहित महिला पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## भाजपा ने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर मारपीट व आचार संहिता उल्लंघन का लगाया आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगाँव 27 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष रमेश पटेल,भाजपा प्रत्याशी के निर्वाचन अभिकर्ता सुरेश एच लाल, उपाध्यक्ष आभा तिवारी, महामंत्री राजेन्द्र गोलछा, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, सावन वर्मा, मूलचंद भंसाली, व रवि सिन्हा ने एक संयुक्त बयान में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर आज दिनभर आचार संहिता का उल्लंघन करने व मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया हैं। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भाजपा नेताओं ने कहा कि आज दिनभर कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल दस से अधिक गाड़ियों के काफिले के साथ दिनभर घूमते रहें और मतदान केंद्रों के भीतर कई दर्जन लोगों के साथ प्रवेश करते रहें, जिसमें उनके साथ दुर्ग-भिलाई-रायपुर के अवांछनीय तत्वों की फौज भी थी। औधोगिक ग्राम टेड़ेसरा में श्री बघेल जब सैकड़ों लोगों के साथ मतदान केंद्र में प्रवेश कर रहे थे तब भाजपा कार्यकर्ता जिसमे महिलाये भी शामिल थी, ने उनका विरोध किया तथा कहा कि मतदान केंद्र के भीतर अकेले अपने अंगरक्षक के साथ जाये, किन्तु इस बात पर टेड़ेसरा ग्राम के कांग्रेसी कार्यकर्ता, व दुर्ग-भिलाई से आये उनके गुर्गो ने भाजपा कार्यकर्ताओं जिसमें महिलाये थी के साथ मारपीट शुरु कर दी, भाजपा की महिला कार्यकर्ता पद्मिनी साहू, भूमिका, सविता, भगवती साहू, संध्या पांडे, रेखा पटेल सहित अन्य महिलाओं के साथ गाली ङ्क गलौच व अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। उक्त महिला नियमों का हवाला देते हुए अड़ गई तब जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू, उनका भाई देवलाल साहू, पुत्र चंद्रकांत साहू व जितेंद्र साहू, भतीजा सतीश साहू एवं नल आपरेटर राजेन्द्र देशमुख सहित लगभग 20-25 लोगों ने पोलिंग बूथ गेट के सामने भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं से मारपीट की।

## राजनैतिक चक्रव्यूह में भूपेश की राह आसान नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 27 अप्रैल।** राम मन्दिर, मोदी और सनातन की लहर में कांग्रेस के लिए आसान नहीं दिख रहा है। राजनांदगाँव लोकसभा प्रत्याशी से चुनाव लड़ना भूपेश की सबसे बड़ी भूल मानी जा रह है। जैसा की पूरे प्रदेश में जिले की जनता पढ़ी लिखी है और जिले में एक बार कांग्रेस को मौका दिया परंतु कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री के खास चचाजान नवाज खान की वजह से पासा पलट गया। पुलिस द्वारा छिपा सोसाईटी प्रबन्धक गोवर्धन वर्मा के आत्महत्त्या व 28 लाख के धान में अनियमितता के मामले में नवाज को नोटिस देने व जिला सहकारी बैंक में करोड़ो रू का फर्जीवाड़ा की शिकायत सामने आते ही अंडरग्राउंड हो जाने के बाद युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप गहरवार सहित, किसन वैष्णव, नीतू लारोकर, फारुख सहित अन्य करीबियों को पुलिस द्वारा पूछताछ किया गया। इधर 23 अप्रेल को ग्राम डुंडेरा में प्रचार के दौरान भाजपा के पवन से दुर्वव्यवहार की शिकायत पर जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा व भुखन वर्मा पर 26 अप्रेल को पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर जमानत पड़ छोड़ा गया तो दूसरी ओर टेडेसरा मतदान बूथ पर गए प्रत्याशी भूपेश बघेल के साथ धक्कामुक्की व कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा की महिला कार्यकर्ता से छेड़खानी व मारपीट के आरोप लग गए। जानकारों की माने तो इनके खिलाफ ऐसा राजनैतिक चक्रव्युह रचा गया है जिसे वे ना उगल पा रहे है ना निगल।

आपको बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान राजनांदगाँव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल पर महादेव सट्टा एप के मुख्य आरोपियों से कांग्रेस पार्टी के नाम से करोड़ो रु का चंदा उगाही सहित क्राइम में सहयोगी की भूमिका ने दागदार बना दिया है जिससे जनता के बीच उनकी छवि पर प्रश्नचिन्ह लगने लगे है। भूपेश है तो भरोसा है का नारा तो आपने कई बार सुना होगा परंतु भूपेश अपने ही भरोसे से धोखा खा गए। चुनावी विश्लेषण में बात निकल कर सामने आई कि भूपेश अपने ही भरोसे के आदमी से धोखा खा गए। पिछले विधानसभा चुनाव में जिले में 06 सीट आने पर हौसले बुलंद थे और इसी अनुमान के तहत जिले का लोकसभा प्रत्यासी पर नामांकन दर्ज कर दांव फेंका पर दांव उलटा पड़ गया व भूपेश बघेल के खास सिप्पेसलाहकार नवाज व उनके प्रमुख कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के ऊपर कानून के डंडे की ऐसी गाज गिरी कि नवाज खान भूपेश बघेल को चुनाव के बीच मझधार में अकेला छोड़ फरार हो गए। जिससे प्रतीत होता है कि राजनांदगाँव लोकसभा सीट से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए राह आसान नहीं होगी।

संपादकीय

# रिकार्ड तो भाजपा व कांग्रेस दोनों बनाएंगे

भारत में हो रहा लोकसभा का चुनाव विश्व का सबसे बड़ा चुनाव है। इस चुनाव में जीत के साथ ही हार का रिकार्ड भी बन सकता है। भाजपा के साथ ही कांग्रेस भी रिकार्ड बना सकती है।भाजपा जहां तीन बार चुनाव जीतने का रिकार्ड बनाएगी वहीं कांग्रेस लगातार तीन बार चुनाव हारने का रिकार्ड बनाएगी। अगर वह इस बार भी सौ से नीचे सीट जीतती है तो यह भी भारत की राजनीति के इतिहास में एक नया रिकोर्ड होगा कि क्योंकि आज तक लोकसभा चुनाव में तीन बार कोई सौ से कम सीटें पर नहीं रुका है। पहले चरण के चुनाव में कम वोटिंग को लेकर एक पक्ष देश में मान रहा है कि यह भाजपा के लिए शुबसंकेत नहीं है। भाजपा पहले चरण का चुनाव हार गई है क्योंकि कम वोंटिंग हुई है। वहीं एक पक्ष का मानना है कि कम वोटिंग से विपक्ष को नुकसान होगा क्योंकि कम वोटिंग का मतलब तो यह है जनता मोदी सरकार से नाराज नहीं है, उसे बदलना नहीं चाहती है। भाजपा अध्यक्ष नड्डा का भी मानना है कि भाजपा के वोटरों ने तो सुबह के वक्त ही वोट डाल दिया है, कम वोटिंग तो विपक्ष के वोटरों ने की है कि कांग्रेस तो हार रही है, उसे वोट देने का मतलब है कि वोट बेकार करना है। जेपी नड्डा का यह भी मानना है कि इस बार तो प्रथम चरण का चुनाव 2019 से ज्यादा हुआ है। वह पहले चरण को लेकर चिंतित नहीं है। जहां तक विपक्ष का सवाल है तो वह मोदी को हराने का सपना तो 2014 से देख रही है। विपक्ष का एक ही कामना है कि भाजपा जीतती है तो जीत जाए पर मोदी को पीएम नहीं बनना है, वह 2014 से यही कोशिश कर रही है कि पीएम मोदी देश के पीएम न बने,उनकी जगह भले ही कोई दूसरा पीएम बन जाए।2014 में जब पीएम मोदी पीएम फेस थे तो कांग्रेस सहित वामपंथियों ने हवा बनाने की कोशिश की कि भाजपा को बहुमत तो मिल ही नहीं सकता। विपक्ष का आकलन था कि भाजपा को 160 से 180 सीटे मिलेंगी। भाजपा को बहुमत नहीं मिलेगा, सरकार बनाने के लिए भाजपा को दूसरे दलों के सहयोग की जरूरत होगी, सहयोगी दल नरेंद्र मोदी को पीएम बनाने के लिए राजी नहीं होंगे।विपक्ष का अनुमान गलत निकला, मोदी के नेतृत्व में भाजपा को स्पष्ट बहुंमत मिला। यह 1984 के बाद किसी दल को पहली बार मिला बहुमत था। यानी जनता ने 30 साल के बाद किसी नेता को बहुमत दिया। मोदी विरोधी इसे मानने को तैयार नहीं थे कि यह मोदी को मिला बहुमत है। वह भाजपा को मिले बहुमत के दूसरे कई कारण बताते हैं। यह मोदी के हाथों कांग्रेस सहित विपक्ष की पहली बुरी हार थी। इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में भी विपक्ष ने यही विमर्श चलाया कि 14 में तो जनता को गुमराह कर मोदी ने बहुमत ले लिया था, 19 में तो भाजपा को निश्चित रूप से बहुमत नही मिलेगा। कांग्रेस व वामपंथियों का पूरा इको सिस्टम फिर एक बार देश में यह माहोल बनाने का प्रयास किया कि एक बार धोखे से जनता ने भाजपा को बहुमत दे दिया, इस बार तो भाजपा को निश्चित रूप से बहुमत नहीं मिलने वाला है।2019 में कांग्रेस सहित विपक्ष का आकलन था कि भाजपा को इस बार 220 सीटें मिलेंगी। विपक्ष के तमाम दावों को जनता ने झूठलाते हुए 300 प्लस सीटें दी। यानी जनता ने मोदी के नेतृत्व में भाजपा को दूसरी बार स्प,ट बहुमत देकर साबित किया है,वही देश में ऐसी राजनीतिक पार्टी है जिस पर जनता को पूरा भरोसा है कि इसी के हाथों में देश सुरक्षित है, देश का भविष्य सुरक्षित है। जब विपक्ष ने माना कि जनता मोदी को ज्यादा से ज्यादा 180 सीटें देंगी तो जनता ने उसे 282 सीटें दी। जब विपक्ष मान रहा था कि भाजपा को 220 सीटें मिलेंगी तो जनता ने भाजपा को तीन सौ पार पहुंचा दिया। इस बार विपक्ष के पहले ही पीएम मोदी ने ही भाजपा के लिए 370 व एनडीए के लिए 400 प्लस का लक्ष्य तय कर दिया है और कह दिा है कि भाजपा व एनडीए को इतनी सीटं मिल रही है,विपक्ष का मानना है कि इतनी सीटें नहीं मिलेंगी,वही राहुल गांधा का मानना है कि भाजपा को 180 या 150 सीटें मिलेंगी। पिछले दो चुनावों से ज्यादा मोदी इस बार जीत के लिए आश्वस्त हैं। विपक्ष अपना वही पुरानी सपना देख रहा है कि मोदी व भाजपा को बहुमत नहीं मिलेगा। हो सकता है कि विपक्ष का आकलन तीसरी बार गलत हो।

निर्णय

किशन सनमुखदास भावनानी

# बैलेट पेपर व वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला



वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में ऐसा भी एक जमाना था जब हम बैलेट पेपर के द्वारा अपना वोट देते थे। यानें अपने मनपसंद उम्मीदवार और उसके चुनाव चिन्ह पर ठप्पा लगाते थे। इस व्यवस्था के दुष्प्रभाव में हमने दूरदर्शन व अन्य चैनलों पर बूथ कैपचरिंग सहित बैलेट पेपरों पर धड़ाधड़ ठप्पे लगाते पेटी में डालते हुए भी चैनलों में देखे थे तथा लाइनों में खड़े मतदाताओं को भगा दिया जाता था यह भी मैंने चैनलों पर स्वयं देख था।फिर समय का चक्कर ऐसा चला कि प्रौद्योगिकी का तेजी के साथ विकास हुआ तो मतदान में बैलेट पेपर से हटकर ईवीएम मशीनों का उपयोग कर दिया जाने लगा। फिर हमने ईवीएम की गड़बड़ियों के बारे में भी अनेक आरोप प्रत्यारोप मीडिया में देखे व सुने फिर वीवीपीएटी आया, जिसमें हम देख सकते हैं कि वोट हमारे पसंदीदा उम्मीदवार को गया या नहीं, जो मैंने स्वयं ने भी 19 अप्रैल 2024 को मतदान के दौरान यह देखा, फिर इसकी पर्चियों का 100 प्रतिशत क्रॉस वेरिफिकेशन का मुद्दा आया यह सभी मुद्दे विवादों में घिरते हुए सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक जा पहुंचे, जिसमें माननीय सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर सुनवाई पूरी की और फैसला सुरक्षित रखा था, जो आज दिनांक 26 अप्रैल 2024 को माननीय दो जजों की बेंच ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने ववीवीपीएटी स्लिपों की 100 प्रतिशत क्रॉस चेकिंग की याचिका को खारिज़ कर दिया जिसका चैप्टर अब दि एंड हो गया है। चूंकि बैलेट पेपर व एवं वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आज आया है,इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के दिन सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर व एवं वीवीपीएटी का शतप्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है,परंतु फैसले का सम्मान सभी पक्ष करेंगे।

साथियों बात अगर हम दिनांक 26 अप्रैल 2024 को आए माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले की करें तो,लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के बीच शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट वेरिफिकेशन की मांग को लेकर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है।बैलेट पेपर की मांग को लेकर दर्ज याचिका भी खारिज कर दी गई है।कोर्ट के इस फैसले से ईवीएम के जरिए डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से शत-प्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है। एससी ने साफ कर दिया है कि देश में बैलेट पेपर से वोटिंग का दौर वापस नहीं आएगा। यानें मतदान तो ईवीएम से ही होगा, इसके साथ ही वीवीपैट से 100 फीसदी पर्ची मिलान भी नहीं होगा। हालांकि, ईवीएम 45 दिनों तक सुरक्षित रहेगी और अगर नतीजों के बाद 7 दिनों के भीतर शिकायत की जाती है तो जांच कराई जाएगी। एससी ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। माननीय जस्टिसने कहा, हमने सभी याचिकाओं को खारिज किया है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि चुनाव के बाद सिंबल लोडिंग यूनिटों को भी सील कर सुरक्षित किया जाए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि उम्मीदवारों के पास परिणामों की घोषणा के बाद टेक्निकल की एक टीम द्वारा ईवीएम के माइक्रो कंट्रोलर प्रोग्राम की जांच कराने का विकल्प होगा, जिसे चुनाव की घोषणा के 7 दिनों के भीतर किया जा सकेगा।वोटिंग पर्चियों की गिनती पर कोर्ट ने कहा, सिंबल लोडिंग यूनिट्स के पूरा होने पर कंटेनर में सील कर दिया जाएगा, इस पर उम्मीदवारों के हस्ताक्षर होंगे और नतीजे घोषित होने के बाद 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा। साथियों बात अगर हम माननीय कोर्ट में चुनाव आयोग द्वारा रखे गए पक्ष की करें तो,चुनाव आयोग के अधिकारी ने कोर्ट को बताया कि एक वोटिंग यूनिट में एक बैलट यूनिट,कंट्रोल यूनिट और एक वीवीपीएटी यूनिट होती है। सभी यूनिट में अपना अपना माइक्रो कंट्रोलर होता है। इन कंट्रोलर से छेड़छाड़ नहीं हो सकती। सभी माइक्रो कंट्रोलर में सिर्फ एक ही बार प्रोग्राम फीड किया जा सकता है। चुनाव चिह्न अपलोड करने के लिए हमारे पास दो मैन्युफैक्चर हैं, एक ईसीआई है और दूसराभारतइलेक्ट्रॉनिक्स। चुनाव आयोग ने बताया कि सभी ईवीएम 45 दिन तक स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखी जाती हैं। उसके बाद रजिस्ट्रार, इलेक्शन कमीशन से इस बात की पुष्टि की जाती है कि क्या चुनाव को लेकर कोई याचिका तो दायर नहीं हुई है।अगर अर्जी दायर नहीं होती है तो स्ट्रॉन्ग रूम को खोला जाता।कोई याचिका दायर होने की सूरत में स्ट्रॉन्ग रूम को सीलबन्द रखा जाता है। बुधवार को एससी ने कहा था कि अदालत चुनाव की नियंत्रण अथॉरिटी नहीं हैं।अदालत ने ईवीएम मुद्दे पर दो बार दखल दिया है। बेंच ने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले वीवीपीएटी पर दो आदेश जारी किए हैं, जो एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है और मतदाताओं को यह देखने में सक्षम बनाती है कि उनके वोट सही ढंग से दर्ज किए गए हैं या नहीं. कोर्ट ने कहा, एक आदेश तब पारित किया गया था जब अदालत ने चुनावों के दौरान वीवीपैट के उपयोग का आदेश दिया था और दूसरा आदेश तब पारित किया गया था जब अदालत ने निर्देश दिया था कि वीवीपैट का उपयोग एक से बढ़ाकर पांच बूथों तक किया जाना चाहिए। वोटर पोलिंग बूथ जाएगा। अंगुली पर स्याही लगेगी। चुनाव अधिकारी कंट्रोल यूनिट का बटन दबाएगा। वोटर बैलट यूनिट में कैंडिडेट के नाम के सामने का बटन दबाएगा और फिर कुछ सेकेंड तक वीवीपैट की लाइट में अपनी पर्ची देख सकेगा।(2) राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स,फैसले के बाद राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स के लिए एक रास्ता खुला है। वे ईवीएम की जांच करवा सकेंगे। इसे नीचे दिए पॉइंट्स से समझिए।दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले किसी कैंडिडेट को शक है तो वह रिजल्ट घोषित होने के 7 दिन के भीतर शिकायत कर सकता है।शिकायत के बाद ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स इसकी जांच करेंगे।किसी भी लोकसभा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्रवार की टोटल ईवीएम में से 5 प्रतिशत मशीनों की जांच हो सकेगी। इन 5 प्रतिशत ईवीएम को शिकायत करने वाला प्रत्याशी या उसका प्रतिनिधि चुनेगा।इस जांच का खर्च कैंडिडेट को ही उठाना होगा। चुनाव आयोग ने बताया-जांच की समय सीमा और खर्च को लेकर जल्द ही जानकारी शेयर की जाएगी।जांच के बाद अगर ये साबित होता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है तो शिकायत करने वाले कैंडिडेट को जांच का पूरा खर्च लौटा दिया जाएगा।(3)याचिकाकर्ता,उनकी सभी याचिकाएं खारिज हो गईं, लेकिन ईवीएम की जांच के आदेश से थोड़ी राहत मिली। एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कई निर्देश दिए, जिसमें कैंडिडेट्स के लिए शिकायत और फिर जांच की बात भी है। इसके बाद सभी याचिकाएं खारिज कर दी गईं।(4) चुनाव आयोग,सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को 3 निर्देश दिए हैं।(1) सिंबल लोडिंग प्रक्रिया के पूरा होने के बाद इस यूनिट को सील कर दिया जाए। सील की गई यूनिट को 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में स्टोर किया जाए।(2) इलेक्ट्रॉनिक मशीन से पेपर स्लिप की गिनती के सुझाव का परीक्षण कीजिए।(3) यह भी देखिए कि क्या चुनाव निशान के अलावा हर पार्टी के लिए बारकोड भी हो सकता है।(4) सरकार, सुप्रीम कोर्ट के फैसले में सरकार के लिए कोई निर्देश नहीं है।

साथियों बात अगर हम माननीय कोर्ट द्वारा केस के तह तक जाने के लिए सवालों की करें तो,इससे पहले बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से ईवीएम और वीवीपैट से जुड़े चार सवाल पूछे थे।(1) कंट्रोल यूनिट या वीवीपैट में क्या माइक्रो कंट्रोलर स्थापित है?(2) माइक्रो कंट्रोलर क्या एक ही बार प्रोग्राम करने योग्य है?(3) ईवीएम में सिंबल लोडिंग यूनिट्स कितने उपलब्ध हैं?(4) चुनाव याचिकाओं की सीमा 30 दिन है और इसलिए ईवीएम में डेटा 45 दिनों के लिए संग्रहीत किया जाता है. लेकिन एक्ट में इसे सुरक्षित रखने की सीमा 45 दिन है। पिछले कुछ वर्षों में चुनाव प्रणाली का हिस्सा रहने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन विवादों में हैं। इसकी विश्वसनीयता पर उठते सवालों के चलते लगातार चुनावी प्रक्रिया को भी कठघरे में खड़ा किया जाता रहा है लेकिन आज देश की सर्वोच्च अदालत ने ईवीएम विवाद पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया और वीवीपैट के ईवीएम से 100 फीसदी मिलान की मांग को खारिज कर दिया है।एक तरफ जहां सुप्रीम कोर्ट ने 100 प्रतिशतईवीएम वीवीपैट मिलान की याचिका खारिज की,तो दूसरी ओर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी खारिज कर दिया है। कोर्ट ने इस ऐतिहासिक फैसले में चुनाव आयोग को भी कुछ सख्त आदेश दिए हैं और चुनाव सुधार को लेकरबयान दिया है। साथियों बात अगर हम माननीय कोर्ट के दो महत्वपूर्ण निर्देशों की करें तो,पहला निर्देश यह है कि सिंबल लोडिंग प्रोसेस पूरी होने के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट को सील किया जाना चाहिए और इसे 45 दिन तक सुरक्षित रखा जाना चाहिए,नतीजे में दूसरे और तीसरे नंबर पर आए उम्मीदवार चाहें तो परिणाम आने के सात दिन के भीतर दोबारा जांच की मांग कर सकते हैं,ऐसी स्थिति मेंइंजीनियरों की एक टीम द्वारा माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच की जाएगी जस्टिस महोदय ने कहा कि वीवीपैट वेरिफिकेशन का खर्चा उम्मीदवारों को खुद ही उठाना पड़ेगा यदि ईवीएम में गड़बड़ी पाई जाती है तो खर्च वापस कर दिया जाएगा। जस्टिस महोदय का कहना था कि किसी सिस्टम पर आंख मूंदकर संदेह करना ठीक नहीं हैलोकतंत्र, सभी स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास बनाए रखने के बारे में है. विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देकर हम अपने लोकतंत्र की आवाज को मजबूत कर सकते हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बैलेट पेपर व वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला।बैलेट पेपर से चुनाव कराने व वीवीपीएटी स्लिप की 100 प्रतिशत क्रॉस चेकिंग का चैप्टर दि एंड-सुप्रीम कोर्ट ने सभी याचिकाएं खारिज की।लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के दिन,सुप्रीम कोर्ट में बैलेट पेपर वीवीपीएटी शत प्रतिशत मिलन की मांग को झटका लगा,पर फैसले का सम्मान होगा।

उमेश कुमार मिश्र

# कुशल प्रबंधन से रोकी गई बिजली सामग्रियां भंडार आगजनी में जनहानि



एक कहावत है 'जान है तो जहान है ' लेकिन यह समय की शिला पर उकेरा गया सबसे बड़ा सच भी है। दुनियाभर में जितने भी कर्म किये जाते हैं, उनमें सबसे बड़ा काम वही माना जाता है, जो किसी की जान बचाने के लिए किया गया हो। 05 अप्रैल 2024 को छत्तीसगढ़ की राजधानी, रायपुर के आसमान पर जो काले धुंये का गुबार छाया था, वह सारे शहर में दहशत फैला रहा था कि पता नहीं कितनों की जान और माल पर कितना खतरा मंडरा रहा है? आग के बारे में कहा जाता है कि वह पानी से बुझती है लेकिन तेल की आग पर पानी भी बेअसर होता है, तो सवाल उठता है कि ऐसी आग कैसे बुझेगी ? अब इस आग की विकरालता के साथ जुड़ी अन्य चुनौतियों पर भी गौर करना जरूरी है।

### घनी बस्ती व ऑयल से भरे ड्रम

एक ओर 132 के.वी. क्षमता का विद्युत उपकेंद्र और दूसरी ओर घनी बस्ती। उस घनी बस्ती और भभकती ज्वाला के बीच ऑयल से भरे हुए डिब्बाबंद ड्रम। एक छोटी सी बोतल में भरा पेट्रोल कितना विध्वंसक होता है, यह सब को पता है, तो ऑयल भरा हुआ डिब्बाबंद ड्रम कितना कहर ढा सकता है?

### दूसरों की जान की परवाह करना ही सबसे बड़ा कर्तव्य

यह सोचकर भी आत्मा कांप उठे। वह पर ऐसा एक नहीं, अनेक ड्रम थे। इन ड्रमों को वहां से हटा देना ही भयानक शक्तिशाली बमों को डिफ्यूज करने जैसा राहतकारी कदम था। थोड़ी ही दूरी पर, खुले मैदान पर पड़े ऑयल भरे ट्रांसफार्मर बमों की तरह फट रहे थे और उससे थोड़ी दूर ऑयल के ड्रमों को हटाने के लिए अपनी जान की बाजी वही लगा सकता है, जो दूसरों की जान की परवाह करता हो और जान बचाने को ही सबसे बड़ा कर्तव्य समझता हो।

### अधिकारियों के फर्ज तो औरों के लिए प्रेरणा

ऐसे कुछ वीडियोज वायरल हुए हैं, जिसमें एक महिला और कुछ पुरुष अधिकारी स्वयं ऑयल भरे ड्रमों को धकेलकर आग की जद से दूर ले जाते दिख रहे हैं। जैसे कि युद्ध जैसी बमबारी और धमाकों के बीच भी उन्हें सिर्फ एक ही आवाज सुनाई दे रही हो , बचाव, बचाव, बचाव। इनके साहस और जज्बे को सलाम करने के बजाय जो लोग दूरबीन लेकर लापरवाही ढूंढ रहे हैं, उनसे कुछ कहना निरर्थक है ।

### श्रेष्ठतम प्रबंधन ही सर्वश्रेष्ठ रास्ता होता

जाहिर है कि ऐसे हालातों के बीच वही व्यक्ति काम कर पाता है, जो यह जानता हो कि प्रिवेंटिव मेन्टेनेन्स की अपनी अहमियत तो है ही, लेकिन जब कोई आपदा आ ही गई हो तो उससे निपटने का हर संभव और श्रेष्ठतम प्रबंधन ही सर्वश्रेष्ठ रास्ता होता है ।

### न्यूनतम क्षति के साथ संकट से निजात

आपदा प्रबंधन का सबसे बड़ा सिद्धांत है, न्यूनतम क्षति के साथ संकट से निजात। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के क्षेत्रीय भंडार के अग्निकांड में जन हानि न होना और आम जनता की निजी संपत्तियों का लेशमात्र भी नुकसान न होना आपदा प्रबंधन की सबसे बड़ी कसौटी थी। इस कसौटी और चुनौती में खरा उतरना बेहद राहतदायी है। शहर के बड़े हिस्से में विद्युत आपूर्ति करने वाले 132 केवी उपकेंद्र, ऑयल के ड्रम, लगभग 100 ट्रांसफार्मर और अन्य कीमती उपकरण आग की भेंट चढ़ने से बच गए, यह निश्चय ही उपलब्धि है लेकिन इतनी भयानक आग में जनहानि नहीं होना अतुलनीय उपलब्धि है और इसके लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की प्रेरणा, उनके संबल की बहुत बड़ी प्रेरणा ने अपना काम किया।

### बेहतर समन्वय से उत्कृष्ट परिणाम



छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनियों के अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग के सचिव श्री पी.दयानंद की भूमिका भी रेखांकित करने योग्य है। श्री दयानंद ने पहले भी कई बार कहा है कि दुर्घटना न हो, इससे सुखद कुछ हो नहीं सकता लेकिन अगर कुछ अनहोनी घट ही गई हो तो संसाधनों के बेहतर समन्वय और सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन का कोई विकल्प नहीं होता। यही सीख 5 अप्रैल को काम आ गई।

व्यंग्य

# कागज़ है कागज़ क्या...

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त,

सिग्नल पर सिर्फ बत्तियों के रंग नहीं बदलते, वहाँ आती-जाती गाड़ियों और उनके चालकों के भी रंग बदलते हैं। पक्की और चमचमाती सड़कों की बांहों में लोटने वाली फेरारी, ऑडी, बीएमडब्ल्यू कारों के साथ-साथ भीख मांगने वाले हाथ विकास के बदन पर किसी फोड़े-फुंसी से कम नहीं लगते। यहाँ पर देश का विकास महंगी कारों की ओर निहारता है तो पिछड़ापन भिखारियों के कटोरे में चिल्लर बनकर खनकता है। सच कहें तो अमावस और पूर्णिमा एक साथ देखने का अहसास केवल हमारे देश में ही हो सकता है। ऐसे ही किसी दिन मेरी गाड़ी सिग्नल पर खड़ी थी। चौराहा इतना भीड़-भाड़ वाला था कि 180 सेकेंड तक वहाँ रुकना था। गाड़ियों का हुजूम देश की बढ़ती जनसंख्या का समर्थन कर रहा था। पदचालक गाड़ियों और गाड़ियाँ पदचालकों की जगह खा रहे थे। जिब्रा क्रॉसिंग तो जिब्राओं के लिए होता है। जब देश में जिब्रा है ही नहीं तो इनके बनाने का क्या मतलब? यह तो सरासर लोगों को बेवकूफ बनाना नहीं तो और क्या है? क्रॉसिंग बनाने का इतना ही शौक है तो कोई गधा क्रॉसिंग बनाते। मैं अब तक समझता था कि व्यापार केवल दुकानों, शॉपिंग मॉलों, रेहड़ पट्टी पर ही हो सकता है। किंतु सिग्नल वाले चौराहे को देखने पर समझ आया कि यह मेरी गलतफहमी है। यहाँ जितना व्यापार होता है उतना ही शायद कहीं ओर होता होगा। कलम, अगरबत्ती, खिलौने, खाने-पीने की चीज़ें, सीजनल वस्तुएँ जैसे पतंग, पिचकारी, झंडे, दिवाली की लाइटें सभी कुछ तो यहाँ बिकता है। ऐसे ही बेचने वालों में एक छह-सात का लड़का मेरे पास आया और कलमें बेचने लगा। मैंने उससे पूछा कि यह तुम क्या कर रहे हो? स्कूल क्यों नहीं जाते? मेरे सवालों की झड़ी के बीच में अचानक से कहीं उसकी माँ आकर कूद पड़ी। बोली - 'खरीदना है तो खरीदो सहब! बेकार की बातें मत करो!' मैं कुछ कहने ही वाला था कि वह मुझे भांप गयी। वह दूसरी पर छोर पर गाड़ी साफ करने वाले युवक की ओर संकेत करते हुए कहने लगी - 'पढ़-लिखकर आज के जमाने में लोग कितना कमाते हैं, उससे जाकर पूछो। डिग्री पढ़ा है। लेकिन क्या फायदा? डिग्री से इज्जत बढ़ती होगी, भूख नहीं मिटती। भूख लगने पर खाना खाते हैं, डिग्री के टुकड़े तो नहीं। जो काम आए उसे डिग्री कहते हैं नकारे को कागज़ का टुकड़ा नहीं तो और क्या कहेंगे। इसलिए अपना रास्ता नापो बेकार का ज्ञान मत झाड़ो साहब!' इतना कहते हुए वह अपने लड़के को लेकर इतनी तेजी से मुड़ी कि लड़के के हाथ से दो कलमें गिर गयी। उधर दूसरी ओर बत्ती बदल गयी।



## दिल की बीमारी में मीठा खाना सही है या नहीं?

मीठा किसी भी लिहाज से सेहत के लिए ठीक नहीं है. कोई हेल्दी व्यक्ति खाएं या किसी बीमारी से पीड़ित मीठा खाना किसी के लिए ठीक नहीं होता है. ज्यादा मीठा खाने से वजन बढ़ने के साथ-साथ डिप्रेशन और स्किन से जुड़ी बीमारियों का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है. अगर आप मीठा खाने के शौकीन है तो एक सीमित मात्रा में खाएं. अगर आप किसी खास तरह की बीमारी से पीड़ित है तो डॉक्टर की सलाह पर ही मीठा खाएं. **हार्ट मरीजों को नहीं खाना चाहिए मीठा-**अगर कोई व्यक्ति हार्ट का मरीज है तो उसे मीठा खाने से पहले कई सारी सावधानी बरतनी चाहिए. कई हार्ट मरीज ऐसे होते हैं जो अपने खानपान का खास ख्याल नहीं रखते हैं. यहां तक कि वह काफी ज्यादा मीठा खाते हैं ऐसे में हार्ट अटैक का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है. हार्ट मरीजों की सेहत बिगड़ सकती है. साथ ही उन्हें कई सारी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती है. ज्यादा मीठा खाने से हार्ट मरीजों को नुकसान हो सकता है. **बढ़ सकता है हार्ट डिजीज का खतरा-**हार्ट मरीज अंदर से काफी ज्याद कमजोर होते हैं. इस स्थिति में इम्युनिटी कमजोर हो जाती है. ज्यादा मीठा खाने से हार्ट से जुड़ी दूसरी तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. ज्यादा चीनी खाने के कारण ट्राइग्लिसराइड्स का लेवल बढ़ जाता है. फैट धीरे-धीरे ब्लड स्ट्रीम में जम जाता है. जिसके कारण हार्ट की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है. **हाई बीपी की प्रॉब्लम-**दिल की बीमारी में ज्यादा मीठा खाने से हाई बीपी की बीमारी का रिस्क बढ़ जाता है. ज्यादा मीठा खाने से शरीर में पोटैशियम और सोडियम का नैचुरल बैलेंस बिगड़ जाता है. जिसके कारण बीपी का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है.

चर्चित मुद्दा

ललित गर्ग

# दुनिया का सबसे महंगा चुनाव,गंभीर चुनौती



विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकसभा चुनाव 2024 अनेक दृष्टियों से यादगार, चर्चित, आक्रामक एवं ऐतिहासिक होने के साथ-साथ अब तक का सबसे महंगा एवं दुनिया का सबसे खर्चीला चुनाव है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस बार का चुनावी खर्च एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के खर्च की तुलना में इस बार दुगुना खर्च होगा। चुनाव प्रक्रिया अत्यधिक महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से राजनीतिक मूल्यों का विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन होना स्वाभाविक है। चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता, मितव्ययता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। इन चुनावों में अर्थ का अनुचित एवं अतिशयोक्तिपूर्ण खर्च का प्रवाह जहां चिन्ता का कारण बन रहा है, वहीं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब भी बन रहा है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाना जरूरी है। यह समस्या या विकृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के समूचे लोकतांत्रिक राष्ट्रों की समस्या है।

18वीं लोकसभा चुनाव में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोच रहा है तथा येन-केन-प्रकारेण ज्यादा से ज्यादा वोट प्राप्त करने की अनैतिक तरकीबें निकाल रहा है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव का प्रचार-प्रसार करने में करोड़ों रुपयों का व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों एवं प्रायोजकों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके अनुचित दबाव के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं आर्थिक अपराध की परम्परा को सिंचन मिलता रहता है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं।

सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर चुनाव अभियान के लिए धन अलग-अलग स्रोतों से अलग-अलग तरीको से उम्मीदरवारों और राजनीतिक दलों के पास आता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए मुख्य रूप से रियल इस्टेट, खनन, कारपोरेट, उद्योग, व्यापार, ठेकेदार, चिटफण्ड कंपनियां, ट्रांसपोर्टर, परिवहन ठेकेदार, शिक्षा उद्यमकर्ता, एनआआई, फिल्म, दूरसंचार जैसे प्रमुख स्रोत है। इस साल डिजिटल मीडिया द्वारा प्रचार बहुत ज्यादा हो रहा है। राजनीतिक दल पेशेवर एजेंसिया की सेवाएं ले रहे हैं। इनसे सबसे अधिक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान, रैली, यात्रा खर्च के साथ-साथ सीधे तौर पर गोपनीय रूप से मतदाताओं को सीधे नकदी, शराब, उपहारों का वितरण भी शामिल है। देश में 1952 में हुए पहले आम चुनाव की तुलना में 2024 में 500 गुणा अधिक खर्च होने का अनुमान है। प्रति मतदाता 6 पैसे से बढ़कर आज 52 रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में होने वाले वास्तविक खर्च और अधिकारिक तौर पर दिखाए गए खर्चे में काफी अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में देश के 32 राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों द्वारा आधिकारिक तौर पर सिर्फ 2,994 करोड़ रुपये का खर्च दिखाया। इनमें दिखाया गया कि राजनीतिक दलों ने 529 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए दिए थे। रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में पेश खर्च का ब्यौरा और वास्तविक खर्च के साथ-साथ उम्मीदवारों द्वारा अपने स्तर पर किए जा रहे खर्चे में काफी अंतर है। अमेरिकी चुनाव पर नजर रखने वाली एक वेबसाइट के रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि यह 2020 के अमेरिकी चुनावों पर हुए खर्च के लगभग बराबर है, जो 14.4 बिलियन डॉलर यानी 1 लाख 20 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में 2024 में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अब तक का सबसे महंगा चुनाव साबित होगा।



भारत में होने वाले चुनाव में हो रहे बेसुमार खर्च की तपीश समूची दुनिया तक पहुंच रही है। समूची दुनिया के तमाम देशों में भारत के चुनाव को न केवल दम साध कर देखा जा रहा है बल्कि इन चुनाव के खर्चों एवं लगातार महंगे होते चुनाव की चर्चा भी पूरी दुनिया में व्याप्त है। लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस आदि दलों एवं उनके उम्मीदावारों ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये तिजोरियां खोल दी है। यह चुनाव राष्ट्रीय मसलों के मुकाबले राजनीतिक दलों के हित सुरक्षित रखने के वादे पर ज्यादा केंद्रित लग रहा है और टकराव के मुद्दे थोड़े ज्यादा तीखे हैं। लेकिन अगर मुद्दों से इतर अभियानों की बात करें तो यह खबर ज्यादा ध्यान खींच रही है कि इस बार चुनाव अब तक के इतिहास में सबसे खर्चीला साबित होने जा रहा है। इस चुनावों के अत्यधिक खर्चीले होने का असर व्यापक होगा। चुनाव के तवे को गर्म करके अपनी रोटियां सेंकने की तैयारी में प्रत्याशी वह सब कुछ कर रहे हैं, जो लोकतंत्र की बुनियाद को खोखला करता है। काफी लंबे और जटिल प्रक्रिया के तहत चलने वाले चुनाव में जनता के बीच समर्थन जुटाने के लिए उम्मीदरवार जितने बड़े पैमाने पर अभियान चलाते हैं, उसमें उन्हें स्थानीय कार्यकर्ताओं से लेकर सामग्रियों और जनसंपर्कों तक के मामले में कई स्तरों पर खर्च चुकाने पड़ते हैं। यों किसी भी देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होने वाले चुनावों में ऐसा ही होता है, लेकिन भारत में इसी कसौटी पर खर्च में कई गुना ज्यादा होना चिन्ता का सबब बनना चाहिए।

दुनिया की आर्थिक बदहाली एवं युद्ध की विभीषिका से चौपट काम-धंधों एवं जीवन संकट में लोकसभा के चुनाव कहां कोई आदर्श प्रस्तुत कर पा रहे हैं? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, अर्थव्यवस्था पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती है, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान देश की राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। राजनीति के खिलाड़ी सत्ता की दौड़ में इतने व्यस्त है कि उनके लिए विकास, जनसेवा, सुरक्षा, महामारियां, युद्ध, आतंकवाद की बात करना व्यर्थ हो गया है। सभी पार्टियां जनता को गुमराह करती नजर आती है। सभी पार्टियां नोट के बदले वोट चाहती है। राजनीति अब एक व्यवसाय बन गई है। सभी जीवन मूल्य बिखर गए है, धन तथा व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए सत्ता का अर्जन सर्वोच्च लक्ष्य बन गया है। लोकसभा चुनाव की सबसे बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि यह चुनाव आर्थिक विषमता की खाई को पाटने की बजाय बढ़ाने वाले साबित होने जा रहे हैं। आखिर कब तक चुनाव इस तरह की विसंगतियों पर सवार होता रहेगा?

एक नजर

## मतदान के लिए रेसिडेंट एसोसिएशन और व्यापारियों की बैठक

**रायपुर 27 अप्रैल।** रायपुर नगर निगम द्वारा लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। आज इसी के तहत शहर के रेसिडेंट एसोशियन के सदस्यों और व्यापारियों की एक बैठक ली गई। जिसमें खुद भी मतदान करने और दूसरों को भी मतदान हेतु जागरूक करने की रूपरेखा बनाई गई। निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार मुख्यालय भवन में आज दोपहर को बैठक ली गई। जिसमें उपायुक्त कृष्णा खटीक , नगर निवेशक निशिकांत वर्मा, स्वच्छ भारत मिशन अभियान के कार्यपालन अभियंता द्वय रघुमणि प्रधान , योगेश कडू, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणिग्रही तथा अन्य अधिकारी भी शामिल थे। चेंबर आफ कामर्स के अमर परवानी समेत व्यवसाई गण तथा शहर के रेसिडेंट एसोशियन के मेंबर भी आए हुए थे। बैठक में अधिक मतदान कराने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने पर जोर दिया गया। लोगों को 7 मई को लोकसभा चुनाव के दिन मतदान कराने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

## डर दिखा कर वोट मांगना भाजपा की हताशा का प्रमाण

**रायपुर 27 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि आम जनता से उनका हक और अधिकार छीनने का काम भाजपा की सरकारों ने किया है। युवाओं से रोजगार छीने, महंगाई बढ़ाकर महिलाओं से उनकी बचत छिनी, कृषि की लागत बढ़ाकर किसानों को एमएसपी के अधिकार से वंचित किया, वन अधिकार अधिनियम में संशोधन करके आदिवासियों से जल, जंगल, जमीन के अधिकार छीनें, नंदराज पर्वत बेचें, मित्र के मुनाफे के लिए हसदेव के जंगल कटवा रहे हैं, एनएमडीसी का नगरनार प्लांट बिकने को तैयार है, छत्तीसगढ़ नवीन आरक्षण विधेयक पिछले डेढ़ साल से राजभवन में कैद है, श्रम कानूनों में श्रमिक विरोधी संशोधन किया, मनरेगा, खाद सब्सिडी, खाद्य सब्सिडी घटाई और अब उल्टा डर दिखा रहे हैं कि कांग्रेस आपकी संपत्ति छीन लेगी? बेरोजगारी, घटते इनकम और महंगाई से बे मौत मर रही जनता से वसूल कर जो संसाधन अपने मित्रों पर मोदी सरकार लूट रही है उसका उचित प्रबंधन और सामाजिक न्याय की संविधानिक व्यवस्था के तहत वितरण कांग्रेस का वादा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि अपनी नाकामियों पर परदेदारी करने तथ्यहीन बयानबाज़ी करके मोदी और भारतीय जनता पार्टी के नेता आम जनता को संपत्ति छीनने का डर दिखा रहे हैं। सामाजिक न्याय हमारे संविधान की मूल भावना है, लेकिन विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार ने देश के संसाधनों को केवल अपने पूंजीपति मित्रों पर लुटाया है। आम जनता से बेरहमी से टैक्स वसूलकर सारी राहत, सारी रियायत और तमाम सब्सिडी केवल पूंजीपतियों को दी है। दैनिक उपभोग की वस्तुओं अनाज, दलहन, तिलहन, दूध, दही, पनीर और कपड़ा तक पर बेरहमी से टैक्स वसूल कर 16 लाख करोड़ से अधिक का लोन अपने मित्रों का माफ कर दिया, लेकीन किसानों की कर्जमाफी इनकी प्राथमिकता में नहीं रही।

## दूल्हा-दुल्हन पहुंचे लोकतंत्र के महापर्व में वोट देने



**धमतरी 27 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज जहां आज जिले में मतदान किया जा रहा है, वर्तमान में विवाह मुहूर्त होने के कारण वैवाहिक कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। ऐसे ही युवक-युवतियां, जिनका आज विवाह कार्यक्रम चल रहा है, वे विवाह के साथ ही लोकतंत्र के महापर्व में वोट डालने नजदीक के बूथ पहुंचे। एक ओर जहां दूल्हा बारात निकलने के पूर्व अपना वोट डाला, वहीं दुल्हन हल्दी रस्म के पहले अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मतदान की। इसी तरह एक दिन पूर्व विवाह हुए वर-वधु भी नये दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करते हुए साथ मिलकर इस लोकतंत्र के महापर्व में वोट डालकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस किए।

# पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं में दिखा उत्साह

### विशेष पिछड़ी जनजाति के युवा मतदाता लखन लाल ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग





**उत्तर बस्तर कांकेर, 27 अप्रैल।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में मतदान के लिए युवा मतदाताओं में बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है। युवा मतदाता बढ़चढ़कर लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी जिम्मेदारी निभाया। कांकेर विधानसभा के मावलीपारा के नए वोटरों ने मतदान केंद्र में 19 वर्षीय कृष्णा नेताम, रवींद्र कुमार शेष ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं 21 वर्षीय इंद्रजीत नेताम पिछले विधानसभा निर्वाचन में घर से बाहर होने के कारण मतदान नही कर पाया था, लेकिन इस बार अपने गांव आकर लोकसभा निर्वाचन में पहली बार मतदान किया। इसी प्रकार विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह कमार जनजाति के ग्राम मावलीपारा निवासी 25 वर्षीय युवा मतदाता लखन लाल मंडावी ने मतदान केन्द्र क्रमांक-221 पूर्व माध्यमिक शाला में पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि वे हर निर्वाचन में मतदान करते आये हैं। गत वर्षों में दो बार मतदान कर चुके हैं और आज वे तीसरी बार लोकसभा निर्वाचन में मतदान कर रहे हैं।

इसके अलावा मावलीपारा के ही युवा मतदाता 24 वर्षीय दामिनी साहू और 19 वर्षीय साधना मंडावी ने भी मतदान केन्द्र पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लोकसभा निर्वाचन में मतदान के बाद उत्साहित कु. दामिनी और कु. साधना ने बताया वह दूसरी बार मतदान कर रही हैं और पूर्व में गत विधानसभा में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

**दूधमुंहे बच्चे को लेकर मतदान करने पहुंची श्रीमती सरिता धनेलिया :** कांकेर विधानसभा क्षेत्र के गॉव मावलीपारा के ही 25 वर्षीय मतदाता श्रीमती सरिता धनेलिया अपने नौ माह के दूधमुंहे बेटे तेजस को गोद में लेकर पूर्व माध्यमिक शाला स्थित मतदान केंद्र क्रमांक-221 में मतदान करने पहुँची। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

# कमार जनजाति के मतदाताओं में दिखा खासा उत्साह, किए अपने मताधिकार का प्रयोग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 27 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत दूसरे चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र कांकेर-11 के लिए आज जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान संपन्न हुआ। जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के कमार जनजाति के मतदाताओं ने भी खासे उत्साह के साथ लोकसभा निर्वाचन के इस महापर्व में मतदान कर सहभागिता निभाते हुए लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।

जिले के नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम मावलीपारा के विशेष पिछड़ी जनजातीय बाहुल्य कमारपारा में बड़ी संख्या में कमार जनजाति के परिवार निवासरत हैं। जिले के पिछड़े जनजाति के माने जाने वाले कमार जनजाति के इन सदस्यों ने भी मतदान के प्रति जागरूकता दिखाते हुए बढ़-चढ़कर मतदान किया। कमार जनजाति के मतदाताओं ने बताया कि कमारपारा के मतदाताओं ने एकजुट होकर मतदान के लिए निर्धारित समय में सुबह मतदान केंद्र क्रमांक-221 पहुंचकर सबने वोट किया। कमार जनजाति के 55 वर्षीय मतदाता श्री हीरालाल नेताम और उनकी पत्नी श्रीमती सोनीबाई, 35 वर्षीय घसिया राम नेताम और उनकी पत्नी पूर्णिमा नेताम, 35 वर्षीय मोतीराम मरकाम और उनकी पत्नी रेखा मरकाम, 27 वर्षीय लगनू मंडावी, ईश्वरीबाई सोरी सहित कमारपारा के अन्य मतदाताओं ने पोलिंग बूथ में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## द्राक्षा चोपड़ा ने मां-पिता के साथ एक साथ वोट दिया

उत्तर बस्तर कांकेर, 27 अप्रैल। शहर के मतदान केन्द्र कांकेर-1 क्रमांक 15 कंकालिनपारा वार्ड में पूरा परिवार आज सुबह 9.00 बजे वोट देने पहुंचा था। कु. द्राक्षा चोपड़ा ने अपने पिता श्री प्रमोद कुमार और मां श्रीमती ज्योति चोपड़ा के साथ पोलिंग बूथ में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चोपड़ा ने वोट करने के बाद अपना अनुभव शेयर करते हुए कहा कि मतदान केन्द्रों को इस बार काफी सुविधायुक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता की अहम भूमिका होती है, इसलिए सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट देकर अपना योगदान अवश्य देना चाहिए। इसी केन्द्र में वयोवृद्ध 76 वर्षीय श्री युसूफ भाई और श्रीमती राबिया ने भी खुशी-खुशी वोट दिया और प्रसन्नता जाहिर की।



# सदर बाजार एवं मालवीय रोड पर चार पहिया वाहन प्रतिबंधित किये जाने के प्रस्ताव का विरोध

**रायपुर 27 अप्रैल।** सदर बाजार एवं मालवीय रोड को चार पहिया वाहन हेतु प्रतिबंधित किये जाने के रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के प्रस्ताव का विरोध शुरु हो गया है। व्यापारी इस बात को लेकर नाखुश हैं कि यह एरिया एक प्रकार से प्रयोगधर्मी अधिकारियों का ठिकाना बन गया है,पहले जो प्रयोग हुए वह भी जिला प्रशासन व निगम ने ही बनाये थे लेकिन अपनी ही बनायी व्यवस्था को बनाये रखने में वे असफल रहे। सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया था और यह व्यवस्था आज तक निरंतर जारी है,किंतु यातायात पुलिस की उपस्थिति नहीं रहने से यह व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। सामाजिक,धार्मिक,राजनीतिक व संगठन स्तर की रैली या जुलूस इस मार्ग से नहीं निकलेगा कहा गया था,यह भी नहीं हो पाया। वास्तविकता ये हैं कि आसपास के मार्गों का यातायात डायवर्ट करने के कारण इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनती है।



रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी को पत्र लिखकर इस प्रकार के किसी निर्णय पर रोक लगाने की मांग की है। श्री मालू ने कहा है कि मालवीय रोड एवं सदर बाजार शहर का हृदय स्थल एवं प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र है इस प्रकार के प्रयोग से आम जनता ,व्यापारियों एवं अन्य सभी वर्ग को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले जब सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया और नियमित यातायात सिपाहियों की ड्यूटी लगती थी तब तो कभी भी यहां जाम की स्थिति नहीं बनी। व्यापारी,ग्राहक सभी एक दूसरे को नियमों का पालन करने के लिए सहयोग करते हैं। कुछ निजी पार्किंग भी बन गई है जहां वाहन पार्क किये जाते हैं। यह भी बता दें कि पूर्व में जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त बैठक में यह भी निर्णय लिया गया था कि जयस्तंभ के सराउंडिंग क्षेत्र जो की व्यावसायिक क्षेत्र है इसमें सभी प्रकार के राजनीतिक धार्मिक सामाजिक जुलूसों पर प्रतिबंध रहेगा किंतु कुछ समय से इसकी अनदेखी की जारी है एवं प्रशासन द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।राजधानी रायपुर जैसे बड़े शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को अपने निजी वाहनों में मुख्य बाजार आना ही पड़ता है अतः हमारा आपसे विनम्र अनुरोध है कि शहर के हृदय स्थल की व्यावसायिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के निर्णय को लागू किया जाना पूर्णतः अनुचित है, हम इस प्रकार के विचार का पुरजोर विरोध करते हैं।सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी के अलावा रायपुर जिलाधीश व रायपुर पुलिस अधीक्षक को संबंधित पत्र की प्रति भेजकर उक्त प्रस्ताव को लागू नहीं करने की मांग की है।

## ड्यूटी में बिना सूचना अनुपस्थित तीन कर्मचारियों को किया निलंबित

**रायपुर 27 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने निर्वाचन ड्यूटी में अनुपस्थित तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में आज आदेष भी जारी कर दिया गया है। षासकीय प्राथमिक षाला सोनेसिल्ली में पदस्थ सहायक षिक्षक श्री जानू ध्रुव, कार्यालय उपसंचालक उद्यान में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 श्री नितेष तुरकने व कार्यालय आदिम जाति रायपुर में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 श्री राकेष सिंह ध्रुर्वे को लोकसभा निर्वाचन ड्यूटी में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित होने के चलते निलंबित कर दिया गया है।

## कलेक्टर ने माहुरबंदपारा आदर्श मतदान केन्द्र में सपरिवार कतार में लगकर किया मतदान



**उत्तर बस्तर कांकेर, 27 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने आज सुबह 7.00 बजे शहर के आदर्श मतदान केन्द्र माहुरबंदपारा में सपरिवार पहुंचकर मतदान के लिए कतार में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने मतदान करने के बाद हम साथ-साथ हैं सेल्फी कॉर्नर में फोटो भी खिंचवाई। कलेक्टर ने इस अवसर पर जिले के मतदाताओं से लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील की।

## कांकेर लोकसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का कमिश्नर और आईजी ने किया निरीक्षण



**जगदलपुर, 27 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के मतदान दिवस पर मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का कमिश्नर श्री श्याम धावड़े और आईजी श्री सुंदरराज पी. ने निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के केशकाल विधानसभा के युवा मतदान केंद्र जैतपुरी, आदर्श संगवारी मतदान केंद्र गुलबापारा, चिखलाडीही मतदान केंद्र और खालेमुरवेंड मतदान केंद्र का निरीक्षण किए। उन्होंने युवा और आदर्श मतदान केंद्रों को बस्तर की संस्कृति के थीम पर सजावट करने के लिए सराहना की। साथ ही मतदान केंद्रों में मतदान दलों से मतदान प्रतिशत का संज्ञान लेकर मतदाताओं की आवश्यक सुविधा एवं अन्य व्यवस्था का भी निरीक्षण किए। इस अवसर पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, कमिश्नर के निज सहायक श्री हरेंद्र जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पहाड़ी तालाब गहरीकरण कार्य समाप्ति की ओर



**रायपुर 27 अप्रैल।** कुशालपुर स्थित पहाड़ी तालाब का गहरीकरण का कार्य अब लगभग खात्मे की ओर है। साथ ही यहां बाउंड्रीवाल निर्माण, पाथवे और सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार अमृत मिशन अभियान के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा ने यहां चल रहे कार्य का आज निरीक्षण किया। श्री शर्मा ने बताया कि इस तालाब का गहरीकरण कर यहां का मलबा निकाला जा रहा है। ये कार्य अब अंतिम चरण में है। साथ ही यहां बाउंड्रीवाल, रिटेंनिग वाल, फुटपाथ निर्माण के साथ ही सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। इन सभी कार्यों को महीने भर में पूर्ण कर लिया जाएगा।

## मतदाता जागरूकता के लिए श्री नारायणा हॉस्पिटल की प्रशंसनीय पहल

**रायपुर 27 अप्रैल।** रायपुर लोकसभा में आगामी 07 मई को मतदान किया जाएगा। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने जिले के श्री नारायणा हॉस्पिटल द्वारा प्रशंसनीय पहल की गई है। मतदान तिथि 07 मई से लेकर 12 मई तक हॉस्पिटल द्वारा विभिन्न सेवाओं पर विशेष छूट दी जा रही है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने हॉस्पिटल के इस पहल की सराहना की है और इसे अन्य संस्थानों के लिए भी अनुकरणीय बताया है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह से मिलकर हॉस्पिटल के प्रतिनिधि श्री अतुल सिंघानियां ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए हॉस्पिटल द्वारा कुछ विशेष पहल की गई है। जिसमें 07 मई को मतदान के पश्चात जो भी व्यक्ति अस्पताल की ओपीडी में चिकित्सकीय परामर्श के लिए आयेगा और अपनी उंगली पर मतदान की स्याही दिखायेगा उसे उस दिन निःशुल्क ओपीडी कंसल्टेशन दिया जाएगा। साथ ही अस्पताल में की जाने वाली ओपीडी जाँचों में अस्पताल दर पर 25 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। इसी तरह 08 मई 2024 से 12 मई 2024 तक ओपीडी में आये व्यक्ति को अपनी उंगली पर मतदान की स्याही दिखाने पर ओपीडी कंसल्टेशन में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही 07 मई को मतदान करने के बाद यदि कोई व्यक्ति अस्पताल में भर्ती होता है तो उसे अपनी ऊँगली पर मतदान की स्याही दिखाने पर उस दिन का रूम रेंट नहीं लिया जाएगा। श्री सिंघानियां ने बताया कि हॉस्पिटल द्वारा यह पहल लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने में सहायक होगी। प्रबंधन द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सिंह को इस आशय का पत्र भी सौंपा गया है।

# 76 वर्ष के बुजुर्ग ने डाला वोट










■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 27 अप्रैल।** कांकेर शहर के माहुरबंदपारा स्थित आदर्श मतदान केंद्र में सबसे पहले वोटर के रूप में 76 वर्षीय बुजुर्ग श्री रामनारायण पटेल ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। श्री पटेल ने बताया कि वह शुरू से वोट करते आ रहे हैं। मॉडल पोलिंग बूथ में उपलब्ध सुविधाओं पर उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग का धन्यवाद देते हुए कहा कि छाया के लिए टेंट, शीतल पेयजल, स्वच्छ परिसर, गर्मी से बचने कूलर, टेंट आदि की व्यवस्था से निश्चित तौर पर मतदाताओं में मताधिकार के प्रति उत्साह आएगा। मतदान केन्द्र की दीवारों पर ट्रायबल आर्ट डिजाईन की भी उन्होंने प्रशंसा की। इसी वार्ड की 69 वर्षीय श्रीमती प्रेमबाई रामटेके ने भी आज सुबह अपना वोट डाला। पिछले विधानसभा चुनाव की तरह इस बार भी उक्त बूथ की साज-सज्जा किये जाने पर उन्होंने सराहना की। इसी प्रकार माहुरबंदपारा वार्ड की गृहिणी श्रीमती ममता पड़ोती ने भी आज सुबह 7.30 बजे कतार में लगकर वोट डाला। उन्होंने आदर्श मतदान केन्द्र की थीम की सराहना करते हुए कहा कि इसे शादी के मंडप की तरह सजाया गया है, जो काफी आकर्षक है। यहां पर प्रतीक्षालय, पीने का ठंडा पानी, कूलर, टेंट आदि की समुचित व्यवस्था की गई है, जो निश्चित रूप से मतदाताओं को आकर्षित कर रही है।

# मतदाताओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने स्कॉउट गाइड्स, रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स की अहम भूमिका

**उत्तर बस्तर कांकेर, 27 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत मतदान के द्वितीय चरण में आज पोलिंग बूथों को सुविधाजनक बनाने में बीएलओ, कोटवार, सुरक्षा कर्मी, मितानिन सहित स्कॉउट गाइड्स, रेडक्रॉस और एनएसएस के वॉलिंटियर्स की अहम् भूमिका रही, जिन्होंने दिव्यांग, वयोवृद्ध और बीमार मतदाताओं को व्हीलचेयर पर बैठाकर मतदान कक्ष तक ले जाने और वापस लाने का कार्य किया। विभिन्न मतदान केन्द्रों में सुबह साढ़े छह बजे से वोटिंग के बाद भी ये अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहकर पानी पिलाने, वेटिंग कक्ष तक लेकर जाने, हेल्प डेस्क तक पहुंचाने में काफी मदद की। कांकेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुड़पार (दखनी) में अपनी सेवाएं देने पहुंचीं कु. नमिता कोर्राम, संध्या मानिकपुरी, पायल कश्यप ने यहां मतदाताओं की लगी लम्बी कतारों के बीच जा-जाकर पानी पिलाने और व्हील चेयर से वृद्ध मतदाताओं को लाने ले जाने का काम कर रही थीं। इस दौरान लाइन में लगे मतदाताओं ने इन बच्चों के सेवाभाव की सराहना की। इसी तरह मनकेसरी मतदान केन्द्र में स्कॉउट गाइड्स कु. अंजलि मेश्राम, पहेली आसले ने भी पूरे समय अपनी सेवाएं आम मतदाताओं को दीं। जिले में स्थापित आदर्श मतदान केन्द्र, पिंक बूथ, संगवारी बूथ, दिव्यांग बूथ में भी स्काउट गाइड्स एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के वॉलिंटियर्स मतदाता मित्र (कैम्पस एम्बेसेडर) के रूप में आज सतत् सेवाएं दे रहे थे।



## एक नजर

### निर्वाचन में तैनात 39 लोगों ने किया डाकमत पत्र से मताधिकार का प्रयोग

**रायगढ़, 27 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इसी कड़ी में कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष के प्रथम तल को मतदाता सुविधा केन्द्र बनाया गया है। जहां आज पहले दिन 39 कर्मियों ने डाक मत पत्र से मतदान किया। इसी तरह 85 प्लस आयु वर्ग के लोगों के लिए आज 27 अप्रैल से होम वोटिंग की भी प्रक्रिया शुरू हो गई। जहां जिले के ऐसे उम्र के सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल डाकमत श्री महेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए रायगढ़ जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा हेतु सुविधा केन्द्र एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर (पीवीसी)का गठन करते हुए मतदान कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। जिसके तहत मतदान दल कर्मचारी एवं अन्य जिलों से प्राप्त डाक मतपत्र के आवेदक, वाहन चालक, नगर सेनानियों, अनिवार्य सेवा के मतदाताओं एवं अन्य निर्वाचन कर्तव्यों में संलग्न मतदाताओं के मतदान हेतु सुविधा केन्द्र/ पोस्टल वोटिंग सेन्टर (पीवीसी) कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष प्रथम तल को मतदाता सुविधा केन्द्र बनाया गया है।

विधानसभा क्षेत्र 15-लैलूंगा, 16-रायगढ़, 18-खरसिया एवं 19-धरमजयगढ़ के मतदाता 26 से 30 अप्रैल तथा 1 से 6 मई 2024 तक प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है। इसी तरह फॉर्म 12 में विधिवत आवेदन करने वाले पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र वार 29 एवं 30 अप्रैल तथा 1 मई 2024 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक पुलिस कंट्रोल रूम चक्रधरनगर रायगढ़ में जाकर डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान कर सकते है।

### अभ्यर्थी पूजा सिदार को व्यय लेखा प्रस्तुत करने सूचना पत्र जारी

**रायगढ़, 27 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक 02 के निर्दलीय अभ्यर्थी श्रीमती पूजा सिदार को 25 अप्रैल तक व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु सूचना पत्र दिया गया था। किन्तु उनके अथवा उनके अभिकर्ता द्वारा अभ्यर्थी व्यय पंजी निरीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हुए। इस संबंध में श्रीमती पूजा सिदार को 3 दिवस के अंदर कारण दर्शित करते हुए अपना स्पष्टीकरण रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-02 रायगढ़ के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है, अन्यथा आईपीसी की धारा 171-झ के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर उन्हें प्रदान की गई वाहन अनुमति/अन्य समस्त अनुज्ञा के निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं व्यय प्रेक्षक के द्वारा 22 अप्रैल को कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ के सभाकक्ष में सभी अभ्यर्थियों के साथ बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें अभ्यर्थियों को अभ्यर्थी व्यय पंजी के 3 बार निरीक्षण किए जाने हेतु 25 अप्रैल, 30 अप्रैल तथा 6 मई 2024 का सूचना पत्र दिया गया था, किन्तु श्रीमती पूजा सिदार किए गए

### राधेश्याम राठिया को कारण बताओ नोटिस

**रायगढ़, 27 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 02 रायगढ़ में 25 अप्रैल 2024 को व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में व्यय लेखा पंजी के जांच हेतु आयोजित बैठक में श्री राधेश्याम राठिया के द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि द्वारा व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रस्तुत अभ्यर्थी व्यय रजिस्टर में 709142 का व्यय अंकित किया गया है, जबकि छाया अवलोकन पंजी में 1386246 रुपये व्यय दर्ज किया गया है। श्री राधेश्याम राठिया द्वारा संधारित अभ्यर्थी व्यय रजिस्टार में दर्ज न्यूनोक्ति राशि 677104 रूपये के संबंध में 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-02 रायगढ़ के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है।

### लोकतंत्र के महापर्व में बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं सहित नये मतदाताओं ने उत्साह दिखाया

**धमतरी 27 अप्रैल ।** लोकतंत्र के महापर्व में बुजुर्गों और दिव्यांग मतादाताओं ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ हिस्सा लेकर मतदान किया। इस अवसर पर बुजुर्ग और दिव्यांग मतादाताओं को मिलने वाली सुविधाओं को उन्होंने सराहा। इसके अलावा लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर युवा मतदाता काफी उत्साहित हैं।

### 7 मई को मतदान के लिए लोगों को कर रहे जागरूक

# मतदाता पर्ची लेकर घर-घर पहुंच रहे बीएलओ





**रायगढ़, 27 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र में आगामी 7 मई को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशानुसार मतदाताओं के घरों तक मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। बीएलओ मतदाता पर्ची मतदाताओं के घर पहुंचकर दे रहे है तथा मतदाताओं को 7 मई को मतदान के लिए जागरूक भी कर रहे हैं। इसके अलावा बीएलओ के द्वारा प्रत्येक मतदाता को इस बारे में सूचित किया जा रहा है कि मतदाता पहचान पर्ची मतदान के लिए दस्तावेज के रूप में स्वीकार नहीं की जाएगी। मतदान हेतु मतदाता पहचान पत्र या 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज साथ रखे। जिनमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी)कार्ड पहचान पत्र में कोई भी एक दिखाकर मतदान कर सकेंगे।

**कम मतदान प्रतिशत वाले 175 शहरी और ग्रामीण मतदान केंद्रों पर जागरूकता अभियान को लेकर विशेष फोकस**

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने गत दिवस सभी एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद और नगरीय निकायों के सीएमओ की बैठक ली। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय और नगर निगम आयुक्त श्री सुनील चंद्रवंशी भी बैठक में शामिल हुए। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिले के जिन मतदान केंद्रों में मतदान का प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनावों में तुलनात्मक रूप से कम रहा है वहां मतदाता जागरूकता को लेकर विशेष रूप से अभियान चलाया जाए। ऐसे करीब 175 मतदान केंद्र चिन्हांकित किए गए है। इसमें शहरी और ग्रामीण इलाकों के मतदान केंद्र शामिल है। सीमावर्ती इलाकों के पोलिंग सेंटर्स में भी खास तौर पर मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद पंचायतों के द्वारा पूरे जिले में न्योता द्वार-द्वार अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि हमारा प्रयास हो कि हम हर मतदाता तक पहुंच कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने औद्योगिक संस्थानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों को क्रमिक रूप से अवकाश दिए जाने के लिए संबंधित प्रबंधन को निर्देशित करने और मतदान वाले दिन इसकी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

**मतदान केंद्रों पर टेंट और पानी की रहेगी व्यवस्था**

कलेक्टर श्री गोयल ने गर्मी के मौसम को देखते हुए वोट डालने आए मतदाताओं को असुविधा न हो इसके लिए सभी मतदान केंद्रों में टेंट लगाकर छाया और पीने के पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। इसके लिए संबंधित पंचायतों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही वहां शौचालय और दिव्यांग मतदाताओं के आवश्यकता के अनुसार भी व्यवस्थाएं पूरी करने के लिए निर्देशित किया है।

# भाजपा नेता व ठेकेदार अजय सिंह पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 27 अप्रैल।** बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने शुक्रवार को ज़िला मुख्यालय बीजापुर में प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि उन्हें ग्राम चिन्नागेलुर के ग्रामीणों ने अवगत कराया है कि ग्राम चिन्नागेलूर से तर्रेम मार्ग पर तोयानाला में रपटा एवं एपरोच रोड निर्माण कार्य जिला निर्माण समिति से किया जा रहा है। जिसे भाजपा नेता व ठेकेदार अजय सिंह द्वारा उक्त निर्माण कार्य को घटिया एवं गुणवताहीन किया जा रहा हैं। रोड निर्माण कार्य में भाजपा नेता व ठेकेदार अजय सिंह द्वारा मिट्टी की खुदाई बेस काम के लिए एक फ़ीट से भी कम किया गया है, बारिस के दिनों में पानी बहुत तेजी से बहता है, जिससे ऐपरोच रोड पानी में ही बह जायेगा। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा, इसी तरह रपटा निर्माण कार्य में भाजपा नेता व ठेकेदार अजय सिंह के द्वारा उसकी मोटाई को बहुत कम करके निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आजादी के बाद पहली बार तोयानाला में रपटा एवं एपरोच रोड का निर्माण कार्य हो रहा है। जिससे ग्रामवासी बारिस के दिनों आ - जा सके उसमें भी भाजपा नेता व ठेकेदार अजय सिंह के द्वारा घटिया निर्माण कार्य किया है। इस हेतु उक्त निर्माण कार्यों का सभी ग्रामवासी जाँच कराना चाहते है और ठेकेदार के विरुध्द कार्यवाही चाहते है।प्रेसवार्ता में बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार पर बड़ी-बड़ी भाषण देते थकते नहीं है अब उनकी सरकार बनने के बाद खुद भाजपा नेता भ्रस्टाचार कर रहे है।विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में आगे कहा सड़क और रपटा निर्माण को लेकर ग्राम चिन्नागेलुर के ग्रामीणों की शिकायत बेहद गंभीरतापूर्ण है शासन प्रशासन ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से ले और ग्रामीणों की मांग के अनुसार निर्माण कार्यों की जांच कर संबंधित ठेकेदार पर कार्यवाही करे। इस संबंध में विधायक विकम मण्डावी ने कलेक्टर बीजापुर को पत्र लिखकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम , जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, जिला महामंत्री-जितेंद्र हेमला , प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस मनोज अवलम, कोषाध्यक्ष बबलू खत्री , पार्षद प्रवीण डोंगरे, बब्बू राठी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भाट समाज ने मतदान में दिखाया उत्साह

**राजनांदगाँव।** राव भाट समाज जिला इकाई राजनांदगाव द्वारा बीते दिनों मे (वोटर्स) मतदाता जागरूक अभियान चलाया गया था। जिला इकाई अध्यक्ष श्रवण कुमार भाट ने बताया कि लोक सभा चुनाव महापर्व पर राजनांदगाव जिले से अन्यत्र जगह अपने रोजी रोटी कर रहे, निवास कर रहे भाट समाज के लोगो को मतदान करने के लिए बुलाया गया था. समाज के निर्णय का स्वागत करते हुए आज मतदान के दिन पहुंचकर मतदान किया जिसके लिए भाट समाज अध्यक्ष श्रवण कुमार भाट, हुब लाल राव, ललित भाट सहित पदाधिकारी ने मतदाताओ का आभार व्यक्त किया।

खोराटोला मे 110 वर्षीय कमला बाई ने मतदान किया-विधानसभा खुज्जी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गर्रापार के आश्रित ग्राम खोरा टोला बूथ क्रमांक 101 में श्रीमती कमला बाई पति स्वर्गीय सांवत राम साहू उम्र 110 वर्ष की महिला ने उत्साहपूर्वक मतदान किया । ग्रामीण अंचलों में आज भी ऐसे महिला एवं पुरुष है जो सात्विक भोजन कर आज भी आनन्द पुर्वक जीवन यापन कर रहे हैं।

### दुल्हन लाने से पहले वोट देने पहुंचा दुल्हा



**राजनांदगाँव।**लोकतंत्र के महोत्सव में मतदान का अच्छा खासा जोश एवं उत्साह रहा। लोकसभा निर्वाचन - 2024 के दूसरे चरण के मतदान पर राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत 75 -राजनांदगांव विधानसभा के पोलिंग बूथ 167 - कुम्हालोरी में अपनी दुल्हन लेने जाने से पहले दुल्हा - गणेशु साहू ने पोलिंग बूथ में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोगों को मत देने के लिए जागरूक किया।

# कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण करने केआईटी पहुंचे कलेक्टर



रायगढ़, 27 अप्रैल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा लोकसभा क्षेत्र-02 रायगढ़ के रिटर्निंग ऑफिसर श्री कार्तिकेया गोयल ने केआईटी कॉलेज गढ़उमरिया में चल रहे ईवीएम, वीवीपैट मशीनों के कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ईवीएम श्रीमती रेखा चंद्रा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने विधानसभा वार मतगणना स्थल में चल रहे ईवीएम, वीवीपैट के कमीशनिंग कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कमीशनिंग कार्य में लगे अधिकारियों से प्रत्येक प्रक्रिया को सावधानी पूर्वक करने के निर्देश दिए। रायगढ़, लैलूंगा, खरसिया विधानसभा के मशीनों की कमीशनिंग का जायजा लेते हुए स्थल में टेबल की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने बैलेट पेपर एवं पिंक पेपर नंबर पंजी का अवलोकन किया एवं बूथ में जाने वाले मशीनों के संधारण की जानकारी ली। उन्होंने कमीशनिंग के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कमीशनिंग के तहत आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए रायगढ़ संसदीय क्षेत्र-02 के लिए 7 मई को होने वाले मतदान के लिए मशीनों को अंतिम चरण में बूथ लेवल के लिए तैयार किया जा रहा है। जिसमें रायगढ़ लोकसभा के 13 प्रत्याशियों एवं नोटा का प्रतीक चिन्ह बैलेट यूनिट में लोड किया जा रहा है। साथ ही सभी मशीनों को चेक कर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रत्येक अभ्यर्थियों व नोटा को एक वोट देते हुए मॉकपोल के पश्चात बीयू, सीयू एवं वीवीपैट का सीलिंग कार्य किया जा रहा है। कमीशनिंग पूर्ण होने के पश्चात अभ्यर्थियों/मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 5 प्रतिशत मशीनों का चयन रैंडम आधार पर किया जाएगा, जिनमें 1000 वोट डालकर मॉकपोल किया जाएगा।

कलेक्टर श्री गोयल ने स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां मशीनों के आवाजाही एवं वापसी की जानकारी ली। उन्होंने कार्यरत अधिकारियों को कमीशनिंग पश्चात राउंड वाइज जमा करने तथा भेजने के निर्देश दिए। जिससे बेहतर तरीके कार्य संपादन हो सके। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की जानकारी ली एवं मॉनिटरिंग कक्ष में पहुंच कर स्ट्रॉन्ग रूम एवं कॉरिडोर में फिक्स कैमरे का अवलोकन किया। उन्होंने सभी के मॉनिटरिंग के साथ बैकअप रखने हेतु निर्देशित किया। कमीशनिंग कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों हेतु भोजन की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा की ग्रीष्म ऋतु के लिहाज से सभी स्थल में पर्याप्त पेयजल एवं ओआरएस की व्यवस्था करें। इसके साथ ही उन्होंने कूलर, छाँव हेतु शेड की व्यवस्था के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने गंगालूर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तहसील कार्यालय सहित विभिन्न विकास कार्यों का लिया जायजा



**बीजापुर, 27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने गंगालूर का दौरा कर सर्वप्रथम तहसील कार्यालय गंगालूर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय पहुंचे चेरकंटी के ग्रामीण सम्माराव से आवश्यक चर्चा करते हुए उनके आवेदन एवं समस्या से अवगत हुए कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में लंबित विभिन्न राजस्व प्रकरणों, आवेदनों एवं निराकरण संबंधी जानकारी ली। वहीं तहसील कार्यालय हेतु निर्माणधीन नवीन भवन के कार्य की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुऐ उप अभियंता लोक निर्माण विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश मौके पर उपस्थित चिकित्सा अधिकारी को दिए।तत्पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगालूर का निरीक्षण कर दैनिक ओपीडी, आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता संबंधी जानकारी ली एवं सभी वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। इस दौरान अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान चेरपाल स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चेरपाल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल भी मौजूद थे।

### सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटरिंग अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम सील



**महासमुंद 27 अप्रैल ।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत महासमुंद जिले में हुए लोकसभा मतदान की ईव्हीएम मशीनों को आज भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अनिल अग्रवाल और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकरी श्री प्रभात मलिक की उपस्थिति में चारो विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम में सील किया गया। स्ट्रांग सील के दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री रवि साहू, श्री उमेश साहू, श्रीमती सृष्टि चन्द्राकार, श्री ओंकारेश्वर सिंह, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री निर्भय साहू, एवं राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफ़ी कराई गई है। इन चारों स्ट्रांग रूम को आगामी 4 जून मतगणना दिवस के दिन सुबह विधिवत खोला जाएगा। स्ट्रांग रूम सील के बाद कलेक्टर श्री मलिक ने अधिकारियों सहित स्ट्रांग रूम एवं कृषि उपज मंडी परिसर की सुरक्षा के लिए लगाई गई सीसी कैमरे की मॉनिटरिंग कक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### मतदान दलों की सकुशल वापसी पर प्रशासन ने गुलदस्ता देकर किया स्वागत



**महासमुंद 27 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए महासमुन्द जिले में 26 अप्रैल को हुए मतदान के पश्चात मतदान दलों की सकुशल वापसी हुई। जिला प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान दल का स्वागत किया गया। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने के लिए पूरी टीम को बधाई दी है।पहला मतदान दल ग्राम नायक बांधा, उमरदा और सिंघी के पहुंचने पर गुलाब भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इसी तरह संगवारी दल मोंगरा की टीम भी पहुंची। जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निर्भय साहू, महासमुंद के एआरओ उमेश साहू, खल्लारी के सहायक एआरओ सृष्टि चंद्राकर एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों ने भी गुलदस्ता और गुलाब फूल देकर स्वागत किया। ज्ञात है कि शुक्रवार को सुबह 7:00 से 6:00 बजे तक मतदान हुआ तत्पश्चात मतदान दलों की वापसी का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चला। जिला प्रशासन द्वारा सभी काउंटर्स में मतदान दल वापसी के लिए तैयारी की गई थी एवं सभी कर्मचारी तैनात थे। मंडी परिसर में मतदान दलों के लिए आवश्यक व्यवस्था भी की गई थी।

### पलायन से लौटे मजदूरों ने लोकतंत्र के महापर्व में निभाई अपनी भागीदारी



**महासमुंद 27 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदान में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले से पलायन किए मतदाताओं को लोकतंत्र महापर्व में शामिल होने प्रोत्साहित किया जा रहा है। घर आजा संगी अभियान के तहत आज पलायन से लौटे मजदूरों में मूंगाबाई, केशोराय, गंगाबाई, गणेश, सोहद्रा, कोदुराम, कुंती बाई, समलिया, देवंतीन एवं रेवाराम, दुष्यंत एवं पिंकी दीवान ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाई। इस दौरान पिंकी एवं दुष्यंत ने सेल्फी जोन में तस्वीरें भी ली। इन सभी मतदाताओं की सहभागिता अन्य मतदाताओं को प्रेरित करता है। जीवन यापन के लिए काम करने घर से बाहर निकले मजदूरों के कारण मतदान प्रतिशत में कमी को रोकने प्रशासन द्वारा उनके मोबाइल पर मैसेज एवं वीडियो कॉल के माध्यम से चुनाव के महापर्व में भागीदारी करने और मतदान के लिए प्रेरित किया गया। जिसके कारण वे मतदान करने अपने गांव पहुंचे। मूंगाबाई और केशोराय ने बताया कि वे अधिक मजदूरी मिलने की चाह में कमाने खाने जाते हैं। कई बार हम मतदान नहीं कर पाते जिसका हमें पछतावा रहता है। लेकिन इस बार जिला प्रशासन के अधिकारियों ने फोन करके हमें जानकारी दी और मतदान देने के लिए आमंत्रित किया। इस बात की हमें बहुत खुशी है कि हम भी मतदान के इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

### दूल्हा-दुल्हन पहुंचे लोकतंत्र के महापर्व में वोट देने

**धमतरी 27 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज जहां आज जिले में मतदान किया जा रहा है, वर्तमान में विवाह मुहूर्त होने के कारण वैवाहिक कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। ऐसे ही युवक-युवतियां, जिनका आज विवाह कार्यक्रम चल रहा है, वे विवाह के साथ ही लोकतंत्र के महापर्व में वोट डालने नजदीक के बूथ पहुंचे। एक ओर जहां दूल्हा बारात निकलने के पूर्व अपना वोट डाला, वहीं दुल्हन हल्दी रस्म के पहले अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मतदान की।

# ग्रीष्म ऋतु में तैयारी एवं बचाव के लिए दिशा निर्देश जारी

## डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़, 27 अप्रैल।** ग्रीष्म ऋतु के मौसम को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य में लू-तापघात से आवश्यक तैयारी एवं बचाव हेतु निर्देश जारी किए गए है। लू-तापघात से बचाव एवं तैयारी के लिए कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले में डिप्टी कलेक्टर/ प्रभारी अधिकारी राहत एवं आपदा शाखा श्रीमती रेखा चन्द्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इनका मोबाइल नम्बर 97528-06153 है।

**लू के लक्षण-**सिर में भारीपन और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना एवं बेहोश होना।

**लू से बचाव के उपाय-**लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतः नमक की मात्रा कम हो जाने से होता है। अतः इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए। बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाये, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पीयें, अधिक समय तक धूप में न रहें, गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपडे पहनने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीये, चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें, प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले, उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ले।

**लू लगने पर किये जाने वाला प्रारंभिक उपचार-**बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगाये, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटाये, शरीर पर ठण्डे पानी का छिड़काव करते रहे, पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाये, मितानिन, एएनएम से ओआरएस के पैकेट हेतु संपर्क करें।

**क्या करें-** जितना हो सके पर्याप्त पानी, पीएं, भले ही प्यास न लगी हो। मिर्गी, ह्दय, गुर्दे या लीवर से संबंधित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो, तरल पदार्थ लेने से पहले डॉक्टर से परामर्श ले, हल्के, हल्के रंग के ढीले कपड़े पहने, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन) घोल, घर का बना पेय लस्सी, (तोरानी चावल) का पानी, नींबू का पानी, छाछ आदि का उपयोग करें। बाहर जाने से बचें, यदि बाहर जाना आवश्यक है, तो अपने सिर (कपड़े/टोपी या छाता)और चेहरे को कवर करें। जहां तक संभव हो किसी भी सतह को छूने से बचें। नियोक्ता और श्रमिकों के लिए- क्या करें- कार्यस्थल पर स्वच्छ और ठंडा पेयजल प्रदान करें। श्रमिकों को सीधे धूप से बचने के लिए सावधानी बरतें। यदि उन्हें खुले में काम करना पड़ता है जैसे कि (कृषि मजदूर, मनरेगा मजदूर, आदि) तो सुनिश्चित करें कि वे हर समय अपना सिर और चेहरा ढकें रहें। दिन के समय निर्धारित समय सारणी निश्चित करें। खुले में काम करने के लिए विश्राम गृह की अवधि और सीमा बढ़ाएं। गर्भवती महिलाओं या कामगारों की चिकित्सकीय स्थिति पर विशेष ध्यान दें। यदि कोई बीमार है तो उसे उयूटी पर्यवेक्षक को सूचित करे। क्या न करें-कार्यस्थल पर धूम्रपान या तंबाकू का सेवन न करें, न ही थूके और न ही चबाएं। जो लोग बीमार हैं उनके निकट संपर्क से बचें। बीमार होने पर काम पर न जाएँ घर पर ही रहें।

**वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपाय**-जितना हो सके घर के अंदर रहें। पार्क, बाजारों और धार्मिक स्थानों जैसे भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर न जाएँ। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे और पंखे या कूलर का उपयोग करें। यदि आप बीमार महसूस करते हैं और निम्न में से किसी एक का अनुभव करते हैं, तो तुरंत डॉक्टर को बुलाएँ उच्च शरीर का तापमान, शरीर में दर्द लगे, सिरदर्द, चक्कर आना, मतली या भटकाव लगना, सांस की तकलीफ होना, असामान्य रूप से भूख लगना। यदि आप एक वरिष्ठ नागरिक की देखरेख कर रहे हैं तो नियमित रूप से हाथ धोने में उनकी मदद करें। समय पर भोजन और पानी का सेवन सुनिश्चित करें। उनके पास जाते समय अपना नाक और मुंह ढकने के लिए फेस कवर का इस्तेमाल करे। यदि आप बुखार, खाँसी, साँस लेने जैसे चीजों से पीड़ित हैं।

## एक नजर

### लोकतंत्र में भागीदारी निभाने दूल्हों ने किया मतदान, कहा-पहले वोटिंग फिर वेडिंग



**भखारा, 27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धमतरी लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जहां 26 अप्रैल को जिले में मतदान हुआ है उक्त तिथि पर विवाह मुहूर्त होने के कारण वैवाहिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ था। ऐसे में युवक-युवतियां, जिनका विवाह कार्यक्रम चल रहा है, वे विवाह के साथ ही लोकतंत्र के महापर्व में वोट डालने नजदीक के बूथ पहुंचे। ग्राम बोरझरा में मतदान के दौरान कुबेर सिन्हा व एकलव्य साहू दूल्हे को वेशभूषा में मतदान करने पहुंचे। परिजनों ने बताया कि वैवाहिक रस्म निभाने के साथ मतदान की जिम्मेदारी भी निभाना था तो बारात प्रस्थान के पूर्व मतदान केंद्र पहुंचकर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया है।

### नेशनल चैंपियनशिप में जिले के कराते खिलाड़ियों ने जीते मेडल



**भखारा, 27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इंटरस्टेट टॉंग एल मू डू नेशनल चैम्पियनशीप पाइकमाल ओड़ीसा में हुआ। जिसमें धमतरी जिले के ग्राम बगदेही के खिलाड़ीयों ने मेडम जीते है, जिसमें गजानंद सिन्हा ने गोल्ड मेडल,निरंजन साहू गोल्ड मेडल,एवं जगन्नाथ साहू ब्रांस मेडल प्राप्त किए है। इस प्रतियोगिता में 17 जिले के 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विधायक बरसासिंह बरीहा,विशिष्ट अतिथि सी एल साहू,डीजेंद्र कुर्रे,अध्यक्षता फेडरेशन के कोषाध्यक्ष किरण रहे कार्यक्रम में विशेष रुप से छत्तीसगढ सचिव उपेंद्र प्रधान,कार्यक्रम प्रभारी जगन्नाथ साहू, प्रदेश अध्यक्ष मीरा पंडा उपस्थित रहे। साथ ही बालोद जिले से रवीना साहू,जांजगीर से रवि पांडे,आस्था तिवारी, महासमुंद से राजेश चक्रधारी, दलेश्वर राणा,दीपक निषाद, विजय चक्रधारी,राकेश साहू, सरोजनी खटकर,योगेश्वरी जगत, रूखमणी रौतिया,रोशनी,केशव बारीक,रायगढ़ से धनुर्जय चौधरी, बिलासपुर से राजेश सारथी, नीलिमा साहू,गरियाबंद से बालाराम यादव,भगवती, राजनांदगांव से तुलेश त्रिवेदी, कोरिया से विद्यासागर प्रजापति, बलौदाबाजार से पूजा एवं धमतरी जिले से योगेश कुमार साहू उपस्थित रहे। सभी विजेता खिलाडियों को बधाई के साथ आने वाले नेशनल चैम्पियनशीप के लिए भी अग्रिम शुभकामनाएं दिए।

# हाथों में दीपक और घंटी लिये निकली स्वीप आरती रैली

## मतदाताओं को जागरूक करने नवाचारी आयोजन जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 27 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने शुक्रवार की संध्या एक हाथ में दीपक और दूसरे हाथ मे घंटी लेकर स्वीप आरती रैली निकाली गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान की अगुवाई में बलौदाबाजार स्थित नगर भवन से संध्या 6 बजे स्वीप आरती रैली शंखनाद से प्रारंभ हुई। रैली में नर्सिंग की छात्राएं, शिक्षिकाएं, समूह की महिलाएं व अधिकारी - कर्मचारी शामिल हुए।

दो कतारों में पंक्तिबद्ध होकर दीपक की रोशनी व घण्टी की ध्वनि के साथ रैली नगर भवन से प्रारंभ होकर प्रभुसाक्षी एम्पोरियम गली से गांधी चौक, सदर बाजार, नेहरू चौक, सी -मार्ट होते हुए मुख्य मार्ग से वापस होकर नगर भवन में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कलेक्टर चौहान ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सबसे महत्वपूर्ण अंग है और इस महत्वपूर्ण अंग का सम्मान करना उतना ही महत्वपूर्ण है।लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन लगातार किया जा रहा है। कई नवाचार कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों से हमारा प्रयास मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सबको प्रयास करना है कि 7 मई तक मतदान का उत्साह बनी रहे। कलेक्टर चौहान ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी बोली में मतदान शपथ दिलाई।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अमित गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, तहसीलदार राजू पटेल, जनपद सीईओ एमएल मंडावी सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी, शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थीं।



## शहर पुलिस ने चलाया बैंकों में चेकिंग अभियान

# सुरक्षा व्यवस्था की जांच कर दी हिदायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 27 अप्रैल।** पुलिस द्वारा बैंकों में आकस्मिक चेकिंग गया( अभियान में बैंक आने जाने वाले, बैंकों के बाहर खडे लोगों, आसपास, ठेला दुकान के पास खड़े लोगों से भी पूछताछ की गई।

बैंक प्रबंधन को बैंक के बाहर, प्रवेश गेट, कैश काउंटर आदि महत्वपूर्ण स्थान में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु हिदायत दी गई, किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, संदिग्ध गतिविधि की आशंका होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने नोटिस बोर्ड अथवा लोगों के सहज दृष्टिगत होने वाले स्थान पर थाना, पुलिस कंट्रोल रूम एवं अन्य आवश्यक संपर्क नंबर, चस्पा करने कहा गय बैंक की सुरक्षा में तैनात प्राइवेट सुरक्षा गार्ड को सतत निगरानी रखने कहा गया

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर शहर टी.आई.योगिताबाली खापर्डे ने बैंको मे पहुंचकर वहां की व्यवस्था को देखा। इस बीच टीम द्वारा बैंक शाखा प्रबंधक से मिलकर बैंक की सामान्य दिनचर्या, बैंक में कैश लाने-ले-जाने के दौरान सुरक्षा प्रबंध आदि के संबंध में जानकारी लिया गया तथा साथ ही इस दौरान आवश्यक सावधानी बरतते हुए किसी भी प्रकार की गड़बड़ी अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है। बैंक के नोटिस बोर्ड अथवा बैंक में ऐसा स्थान जहां पर लोगों की नजर सहज ही पहुंच सके, वहां थाना, कंट्रोल रूम एवं अन्य आवश्यक मोबाइल नंबरों को चश्पा करने हेतु कहा गया। चेकिंग अभियान में बैंक में स्थित सुरक्षा गाड्र्स को सतत निगरानी करते हुए संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगों, मास्क, गमछा बांधकर आने वाले लोगों को गेट पर ही रोककर उसका परिचय, बैंक आने का कारण एवं सामान्य पूछताछ करते हुए बैंक में प्रवेश देने हेतु बताया गया। इस दौरान संपूर्ण चेकिंग अभियान में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिला।

## चाकू दिखाकर दुकान में लूट के आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 27 अप्रैल।** शहर पुलिस ने परशुराम वार्ड मे दुकानदार से मारपीट कर चाकू दिखाते हुए दुकान मे रखे सामान को तोडफोड कर 5000 लूट कर फरार चार आरोपियों को गिरफ्तार किया पुलिस ने आरोपियों से लूट की 3100, रू.एक धारदार चाकू एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे ने बताया परशुराम वार्ड निवासी प्रार्थी विनोद देवांगन को चाकू दिखाते हुए डरा, धमकाकर, मारपीट करते हुए, दुकान में रखे सामान में तोड़फोड़ कर 5000 लूट कर मोटरसाइकिल के माध्यम से फरार होने वाले दिनेश उर्फ अप्पू साहू सहित 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से प्रकरण में लूट की रकम ?3100 बरामद करते हुए तथा घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू एवं मोटरसाइकिल सीजी-22-आर-1946 1946 भी जप्त किया गया है किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 452, 394, 427 भादवि 25 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### आरोपियों के नाम

- दिनेश उर्फ अप्पू साहू पिता मुकुराम उम्र 26 साल निवासी परशुराम वार्ड भाटापारा
- गोवर्धन पिता संतोष साहू उम्र 22 साल निवासी गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा
- रोहन कश्यप पिता गंगा प्रसाद कश्यप उम्र 27 साल निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा
- महेश उर्फ कुलदीप साहू पिता लक्ष्मण साहू उम्र 18 वर्ष निवासी परशुराम वार्ड भाटापारा

## मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की अनोखी पहल

**कोरबा 27 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में कोरबा लोकसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान हो, सभी लोग अपने मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करें, इस हेतु कोरबा नगर के व्यवसायियों ने अनोखी पहल करते हुए मतदान करने वाले मतदाताओं को उनके द्वारा खरीदे गए सामान पर आकर्षक डिस्कांउट दिए जाने की घोषणा की गई है, यह डिस्कांउट व्यवसायियों द्वारा दिए जा रहे नियमित डिस्कांउट के अतिरिक्त होगा। अभी तक कोरबा नगर के 01 दर्जन से अधिक प्रतिष्ठानों द्वारा डिस्कांउट की घोषणा की गई है, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की इस अनोखी पहल से निश्चित रूप से मतदाता मतदान हेतु जागरूक होंगे तथा मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। जिला चेम्बर आफ कामर्स तथा नगर के व्यवसायीबंधुओं ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए व्यापक पैमाने पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं तथा जिला प्रशासन व शासन के विभिन्न विभागों के साथ-साथ विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, औद्योगिक एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों का सहयोग इस कार्यक्रम में लिया जा रहा है।

## आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में महावीर भगवान का मस्तकाभिषेक सम्पन्न



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 27 अप्रैल।** श्री 1008 आदिनाथ नवग्रह दिगंबर जैन मंदिर भाटापारा में महावीर जयंती के पावन अवसर पर पांडुक शीला में विराजमान कर भगवान महावीर का अभिषेक संपन्न हुआ, अभिषेक के पश्चात शांति धारा का सौभाग्य प्रकाश मोदी को प्राप्त हुआ, शांति धारा के पश्चात 1008 भगवान महावीर स्वामी की मूलनायक प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक प्रारंभ हुआ, सर्वप्रथम संरक्षक प्रकाश मोदी एवं नवीन गदिया के द्वारा प्रारंभ हुआ, उसके पश्चात सभी भक्तों ने भगवान का मस्तककाभिषेक संपन्न किया, आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में साल में दो बार भगवान का मस्तकाभिषेक संपन्न होता है, महावीर जयंती और एक महावीर निर्वाण कल्याणक के दिन, यह प्रतिमा अतिशय कारी प्रतिमा है, इस प्रतिमा का स्वभिषेक कई बार मंदिर की में हो चुका है, इस प्रतिमा का मस्तकाभिषेक का शुभ अवसर प्राप्त करना शुभ कार्य होता है, मस्तकाभिषेक के पश्चात महावीर भगवान की प्रतिमा मस्तक पर विराजमान कर सभी भक्त मंदिर परिसर में छोटा सा जुलूस निकालकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाएं।उक्त जानकारी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक मोदी ने प्रदान की।

## रैबीज की रोकथाम के लिए नि:शुल्क टीकाकरण शिविर शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 27 अप्रैल।** जिला पशु चिकित्सालय बलौदाबाजार द्वारा वर्ल्ड वेटनरी डे के अवसर पर स्वान प्रजाति के पशुओं में होने वाली बीमारी रैबीज की रोकथाम के लिए नि:शुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन 27 अप्रैल 2024 को किया जाएगा।नि:शुल्क रैबीज शिविर में प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक पशु पालक अधिक से अधिक संख्या में अपने स्वान प्रजाति के पशुओं का टीकाकरण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। गौरतलब है कि रैबीज एक वायरल बीमारी है जो संक्रमित पशुओं के लार के माध्यम से मनुष्यों व अन्य पशुओं में भी फैल सकती है।तत्काल टीकाकरण द्वारा इलाज संभव है, किन्तु लक्षण आने पर यह घातक है।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202404092100052
अ/6 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सचेन्द्रा कुमार साहू आ. आनंदीराम साहू, जाति तेली, निवासी कालकापारा, वार्ड नंबर 10, डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि अनावेदक विक्रेता के नाम वार्ड नंबर 10 कालकापारा, डोंगरगढ़ में शीट क्रमांक 07 भूखण्ड क्रमांक 2209/2, 2211/3 रकबा 499 वर्गफुट भूमि मकान स्थित है। उपरोक्त भूमि मकान को अनावेदक/विक्रेता द्वारा आवेदक/क्रेता को 1,50,000 में दिनांक 07/03/2024 को पंजीयत विक्रय पत्र के माध्यम से बिक्री कर भूमि मकान का मालिकाना हक आधिपत्य आवेदक/क्रेता को सौंप दिया गया है। आवेदक/क्रेता कालकापारा, वार्ड नंबर 10 डोंगरगढ़ स्थित मकान शीट क्रमांक 07 भूखण्ड क्रमांक 2209/2, 2211/3 रकबा 499 वर्गफुट भूमि मकान खरीद लिया है और उपरोक्त भूखण्ड क्रमांक की भूमि मकान से अनावेदक/विक्रेता का नाम विलोपित कर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज करवाना चाहता है। आवेदक/क्रेता का नाम भूखण्ड क्रमांक 2209/2, 2211/3 रकबा 499 वर्गफुट भूमि मकान के राजस्व अभिलेख में बतौर स्वामी दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 17/05/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/4/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)


# बृजमोहन अग्रवाल की होगी भारी मतों से जीत : वीणा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 27 अप्रैल।** तिल्दा नेवरा महिला मोर्चा की नेत्री वीणा वर्मा ने तिल्दा नेवरा ग्रामीण अंचल में बीजेपी प्रत्यासी बृजमोहन अग्रवाल के लिए महिलाओं से समर्थन मिला। रायपुर महिला मोर्चा की कार्य कर्ता वीना वर्मा ने बताया की मोदी की गारंटी और महिला वंदन योजना शुरू होने से बीजेपी के प्रति महिलाओ में भारी उत्साह है। तिल्दा के तुलसी नेवरा मानपुर तिल्दा नेवरा में अनेक जगहों पर महिला मतदाताओं से रायपुर प्रत्यासी लोकसभा के बृजमोहन अग्रवाल को भारी अत्यधिक वोट से विजय बनाने की अपील की। वीना वर्मा के साथ अनुराधा वर्मा नंदनी खिचरिया सहित अनेक मिलाए उपस्थित थी।

## मतदाता जागरूकता अभियान

# फर्स्ट टाइम वोटरों को प्रोत्साहित करने घर- घर पहुंचा रहे इनविटेशन कार्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 27 अप्रैल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता के लिए प्रेरित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान के मार्गदर्शन में पहली बार जिले के फर्स्ट टाईम वोटर को आमंत्रण पत्र देकर वोट डालने आमंत्रित किया जा रहा है। बहुत ही आकर्षक डिजाइन में तैयार आमंत्रण पत्र में ये पंक्तियां भी लिखी गई हैं भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण मतदाता तुम्हें बुलाने को, 7 मई को भुला न जाना वोट डालने आने को। इसके साथ ही मतदान तिथि, दिवस व मतदान का समय भी उल्लेखित है। निमंत्रण पत्र को बीएलओ द्वारा मतदाताओ के घर-घर पहुंचाकर देने के साथ ही 7 मई को वोट जरूर डालने भी कहा जा रहा है। आमंत्रण पत्र के जरिए मतदान के लिए प्रोत्साहित करने का तरीका मतदाताओं में उत्साह भर रहा है। गौरतलब है कि आगामी लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने स्वीप अन्तर्गत जिला प्रशासन द्वारा कई कार्यक्रम एवं नवाचार किया जा रहा है।




### चुनावी ड्यूटी पर तैनात अधिकारी कर्मचारियों का नि:शुल्क इलाज

**बलौदाबाजार, 27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचन कार्य में ड्यूटीरत शासकीय एवं अशासकीय अधिकारी, कर्मचारी तथा केन्द्रीय सुरक्षा बलों को निर्वाचन कार्य के दौरान नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जिले में उपलब्ध शासकीय स्वास्थ्य संस्था में उपचार की सुविधा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य नोडल एजेंसी, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना अंतर्गत चिन्हांकित राज्य एवं राज्य के बाहर चिकित्सालयों में रिफर किए जाने का निर्देश दिए गए है।


**NOTICE U/S 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932**

It is hereby notified that M/S. SHREE MANGALMURTY DEVELOPERS, RAIPUR Registration No. **D-RAIPUR-299/2013-14 Year 2013** undergone the following changes.
The Firm M/S SHREE MANGALMURTI DEVELOPERS, RAIPUR has been dissolved with effect from 15.03.2024.

For, Shree Mangalmurty Developers
Saroj Agrawalla
PARTNER

**NOTICE U/S 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932**

It is hereby notified that M/S. HOME PRIDE, RAIPUR Registration No.94 dated 1997-98 Undergone the following changes.
The Firm M/S. HOME PRIDE, RAIPUR has been dissolved with effect from 31.03.2024.

For, M/s. Home Pride, Raipur
Vinay Kumar Agrawal
PARTNER

## एक नजर

### लाठी-डंडा से पीटकर युवक की हत्या, आरोपी हिरासत में

**रायपुर, 27 अप्रैल।** बंजरपारा नेवरा में एक युवक ने चोरी का आरोप लगाते हुए एक युवक की लाठी डंडे से पिटाई कर दी। जिससे युवक की मौत हो गई। मामले में नेवरा पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दीपक यादव 40 वर्ष वार्ड क्रमांक 14 नेवरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि मृतक दीपक बजरंग गली बंजरपारा के तरफ गया था। तभी आरोपी नवीन विश्वकर्मा 20 वर्ष ने हमारे मोहल्ले में चोरी के नियत से आए हो कहते हुए लाठी डंडा से मारपीट किया। जिससे दीपक की मौत हो गई। मामले में नेवरा पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया है।

### मंदिर के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 27 अप्रैल।** नया बस स्टेण्ड स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रकाश गाईन 32 वर्ष माना कैंप का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलयू 9537 को नया बस स्टेण्ड स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### नकली अगरबत्ती बेचते दुकान संचालक गिरफ्तार

**रायपुर, 27 अप्रैल।** मिलाप परफ्यूम गणेश रामनगर में दुकान संचालक ने स्लिप वेल मच्छर अगरबत्ती का नकली उत्पाद को असली बताकर बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गोपीकिशन बेरा 35 वर्ष 24 परगना बंगाल का रहने वाला है। प्रार्थी वहां स्लिप वेल मच्छर अगरबत्ती कंपनी चलाता है। प्रार्थी ने गोलबाजार थाना में शिकायत किया कि मिलाप परफ्यूम गणेश रामनगर में आरोपी उमेश कुमार नारवानी 46 वर्ष ने अपने दुकान में प्रार्थी की कंपनी स्लिप वेल मच्छर अगरबत्ती का नकली ब्रांड को असली बताकर बेच रहा है। जिससे पुलिस के टीम ने आरोपी के दुकान में दबिश देकर स्लिप वेल मच्छर अगरबत्ती, कवर व मशीन जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### सरेआम शराब पीते दर्जनभर पकड़ाए

**रायपुर, 27 अप्रैल।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस ने इंद्रप्रस्थ गेट के पास रायपुरा में सरेआम शराब पीते आरोपी विकाश देवांगन (23) व बलराम ध्रुव (31) को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी तरूण दुर्गा (35) व रजत कौशल (25) को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी विजय सुखवानी (37) व राहुल धाणे (19) को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी अनुराग पाठक (30) व रोहित कुमार नायक (50) को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आरंग पुलिस ने आरोपी जयनारायण साहू (50) खरोरा पुलिस ने आरोपी जगमोहन कोसले (44) धरसींवा पुलिस ने आरोपी रवि साहू (34) एवं माना पुलिस ने आरोपी अभिषेक मेहता (39) को गिरफ्तार किया है।

### गांजा के साथ दो युवक पकड़ाए

**रायपुर, 27 अप्रैल।** गुढ़ियारी पुलिस ने रामनगर कोटा में दबिश देकर दो युवकों के पास से 12 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पुलिस के टीम ने रामनगर कोटा मेन रोड में दबिश देकर आरोपी मनहरण चतुर्वेदी 27 वर्ष और लक्की चंद्राकर 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से एक बैग में 12 किलो 100 ग्राम गांजा और नकदी रकम 410 रुपए जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 1 लाख 21 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# तीसरे चरण में और तेज हमले करेगी भाजपा

» मोदी की चुनावी सभा 2 मई को कोरबा में

» खरगे-राहुल की चुनावी सभाएं प्रस्तावित

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 27 अप्रैल।** राज्य में तीसरे चरण के लिए सात लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव के लिए भाजपा ने आक्रामक चुनाव प्रचार करने का निर्णय किया है जिसके तहत 2 मई को कोरबा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभा आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह एवं योगी आदित्यनाथ की भी चुनावी सभाएं अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों में होगी। कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी की चुनावी सभाएं आयोजित करने विचार जारी है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विधानसभाओं का दौरा कर कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने की अपील की है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भी चुनावी सभाएं आयोजित करने कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं।

राज्य में तीसरे चरण के तहत सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग तथा रायपुर में सात मई को मतदान होगा। कोरबा लोकसभा से भाजपा की सरोज पांडेय चुनाव लड़ रहीं हैं। यह चुनाव सरोज पांडेय के कारण हाईप्रोफाइल हो गया है। भाजपा प्रत्याशी को चुनाव जिताने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व ने भी अनेक चुनावी सभाएं कराने के निर्देश दिए हैं। भाजपा के प्रचार-प्रसार प्रमुख कावड़िया के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा 2 मई को कोरबा में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। सुरक्षागत कारणों से मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में कुल 14 लाख मतदाता हैं जिनमें से 9 लाख सिर्फ कोरबा जिले में हैं। कोरबा के अंतर्गत कोरबा, रामपुर, तानाखार विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यहां पर कांग्रेस की ओर से श्रीमती ज्योत्सना महंत चुनाव लड़ रहीं हैं। वनांचल क्षेत्र में प्रचार तेज हो गया है। पेंड्रा, मरवाही, मनेन्द्रगढ़ में भी प्रचार चल रहा है। कांग्रेस की कमान नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने संभाली है। भाजपा की ओर से अशोक चावलानी, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, पूर्व महापौर योगेश लांबा कमान संभाले हुए हैं।

## रायगढ़ में कांग्रेस-भाजपा में सीधा मुकाबला

रायगढ़ में कांग्रेस के हृदयराम राठिया और कांग्रेस की मोनिका सिंह के बीच सीधा मुकाबला है। जिला उपनिर्वाचन अधिकारी राजीव पांडेय ने बताया कि यहां पर कुल 18 लाख मतदाता हैं। 1144 मतदान केंद्रों मतदान की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रायगढ़ में रायगढ़, लैलूंगा, घरघोड़ा, धर्मजयगढ़, सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सरगुजा में कांग्रेस की शशि सिंह का मुकाबला भाजपा चिंतामणि महाराज से है। सरगुजा में महल की राजनीति प्रमुख है। टीएस सिंहदेव चुनावी अभियान का जायजा ले रहे हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने बताया कि आज यहां विभिन्न क्षेत्रों में दीपक बैज की चुनावी सभाएं हो रही है। चांपा-जाजंगीर में भाजपा की कमलेश जांगड़े और कांग्रेस के शिव डहरिया के बीच मुकाबला हैं।

### चुनावी सभाओं की तैयारियां

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की चुनावी सभा 28 को चांपा-जांजगीर में प्रस्तावित है। आज देर शाम हाईकमान से अनुमति मिलने के बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। राहुल गांधी की चुनावी सभा 29 अप्रैल को बिलासपुर में होगी। इन सभी चुनावी सभाओं की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। भीषण गर्मी में प्रत्याशी देर शाम चुनाव प्रचार में निकल रहे हैं। बिलासपुर में कांग्रेस के देवेन्द्र यादव और भाजपा के तोखन साहू के बीच मुकाबला है। देवेन्द्र यादव भिलाई से यहां चुनाव लड़ने आए हुए हैं जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। दुर्ग में भाजपा के विजय बघेल और कांग्रेस के राजेन्द्र साहू आमने-सामने हैं। जातिगत समीकरण में कौन बाजी मारेगा यह वक्त ही बताएगा।

### विकास और बृजमोहन आमने-सामने

भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल अभनपुर के पश्चात बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। यहां पर उन्हें व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आरंग, धरसींवा, अभनपुर का दौर कर लिया है। रायपुर लोकसभा के आने वाले विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में उपजिलाधीशों को उपनिर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। यहां पर मतदान दलों का प्रशिक्षण पूरा हो गया है। रेण्डमाइजेशन का काम भी पूरा हो गया है। रायपुर में शीघ्र ही चुनावी सभाएं आयोजित करने पर विचार किया जा रहा है।

# भाजपा सरकार में साहस हो तो झीरम की भी सीबीआई जांच करवाए : कांग्रेस



**रायपुर, 27 अप्रैल।** बीरनपुर और पीएससी मामले की सीबीआई जांच पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा को अपने पुलिस पर भरोसा नहीं है या अपने शासन प्रणाली पर भरोसा नहीं है जो सीबीआई जांच करवा रहे है। क्या पुलिस इस मामले की जांच करने में सक्षम नहीं है या साय सरकार का शासन तंत्र कमजोर है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब सीबीआई जांच कराने की बात हो ही रही है। भाजपा में साहस हो तो वह झीरम मामले की सीबीआई जांच करवाये। एनआईए झीरम मामले पर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची। भूपेश सरकार के द्वारा गठित एसआईटी को जांच नहीं करने दिया गया, न्यायिक जांच भी अधूरी है। ऐसे में झीरम मामले की भी सीबीआई जांच होनी चाहिये।

### झीरम मामले की सीबीआई जांच क्यों जरूरी?

- एनआईए की जांच में कुछ सामने नहीं आया।
- एनआईए ने भूपेश सरकार के द्वारा गठित एसआईटी को मामले की फाईल नहीं वापस किया था, इस कारण एसआईटी जांच शुरू नहीं कर पाई थी।
- एनआईए ने घटना के राजनैतिक षड़यंत्रों की जांच नहीं किया था।
- न्यायिक आयोग की जांच भी लंबित है।

### राज्य की एसआईटी जांच शुरू करे

सीबीआई से जांच नहीं करवा सकते तो राज्य के द्वारा गठित एसआईटी से जांच करवाया जाय। सुप्रीम कोर्ट ने एनआईए को राज्य की एसआईटी को फाईल वापस देने का निर्देश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के दिसंबर 2023 के फैसले के बाद एसआईटी की जांच का रास्ता खुल गया है। भाजपा सरकार झीरम मामले की जांच के लिये पूर्ववर्ती सरकार द्वारा गठित एसआईटी की जांच शुरू करवाये।

## शराब की अवैध बिक्री करते महिला सहित 5 गिरफ्तार

**रायपुर, 27 अप्रैल।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते एक महिला सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 98 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 690 रुपए जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार माना पुलिस ने कमल विहार चौक के पास अवैध शराब बेचते आरोपी तुलसीराम धीवर 30 वर्ष के पास से 15 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं राखी थाना पुलिस ने खपरी चौक के पास आरोपी अनिल जांगड़े 42 वर्ष के पास से 10 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। इसी तरह गंज थाना पुलिस ने फाफाडीह ओव्हरब्रीज के नीचे आरोपी नकूल मरकाम 21 वर्ष के पास से 22 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने खालबाड़ा से आरोपी महिला बिमला महानंद 50 वर्ष व हमीद खान 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 51 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 440 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने इन सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# डोर-टू-डोर कांग्रेसियों ने की वोट की अपील

## घर-घर लगाए गए विकास उपाध्याय के स्टीकर

**रायपुर, 27 अप्रैल।** कांग्रेस नेता संदीप तिवारी ने बताया कि पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्र.42 अंतर्गत आम बगीचा गार्डन छेत्र, पोस्ट ऑफिस गली, रायपुर कांवेंट के आस पास केसाथ अन्य गली-मोहल्ले, कॉलोनियों में घूम-घूमकर संदीप तिवारी एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय को जीताने के लिए तीन नम्बर (कांग्रेस-पंजा छाप) पर बटन दबाकर वोट करने की अपील की। साथ ही कांग्रेस की पाँच न्याय पच्चीस गारंटी जिसमें नारी न्याय के अंतर्गत महालक्ष्मी योजना में प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को 8333/- प्रति महिना सीधे उनके खाते में पैसा ट्रांसफर, छात्रों का एजुकेशन लोन माफ, युवा वर्ग के लिये महत्वपूर्ण योजना, आधी आबादी-पूरा हक, केन्द्र सरकार में नई भर्तियों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण, शक्ति का



सम्मान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के वेतन में केन्द्र का योगदान दोगुना, फसलों का दाम स्वामीनाथ आयोग के फॉर्मूला से तय होगा, किसान न्याय के अंतर्गत कृषि सामग्रीयों पर जीएसटी हटाया जाएगा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बदलाव, 30 दिन के भीतर भुगतान, एमएसपी को कानूनी दर्जा, किसान को जीएसटी से मुक्त करने, कृषि ऋण माफी आयोग की स्थापना, युवा न्याय अंतर्गत हर डिग्री और डिप्लोमाधारक को 1 लाख प्रतिवर्ष स्टाईपेंड के साथ, अप्रेंटिसशिप की गारंटी जिसमें 30 लाख सरकारी नौकरियों की भर्ती और पेपर लीक की रोकथाम की गारंटी वाला नया कानून, श्रमिक न्याय एवं हिस्सेदारी न्याय की योजनाओं को भी आमजनों को बताकर जागरूक किये। इस जनसंपर्क में कांग्रेस नेता संदीप तिवारी के साथ, डोमेश शर्मा, कल्याण साहू, अतीत तिवारी,संकल्प मिश्रा, कृष्णा ताम्रकार, क्रिश सहारे, कुणाल सकरे, देवानंद गुणकरी, विनय तिवारी, सहित काफी संख्या में कांग्रेस के साथीगण सम्मिलित रहे।

**नो कमेंट्स**




## ईवीएम में मेरी फोटो छोटी और अस्पष्टः भूपेश बघेल

**रायपुर, 27 अप्रैल।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया में पोस्ट करके कहा कि लोकसभा के मतदाता फ़ोन करके शिकायत कर रहे हैं कि ईवीएम में बाकी प्रत्याशियों की फ़ोटो बड़ी और स्पष्ट है लेकिन मेरी फ़ोटो छोटी और अपेक्षाकृत अस्पष्ट है। फ़ोटो तो वैसी ही दी गई थी जैसी चुनाव आयोग ने मांगी थी।यह निष्पक्षता के चुनाव आयोग के दावों की कलई खोलता है। क्या यह षडयंत्रपूर्वक किया गया है? लेकिन इससे परिणाम नहीं बदलने वाला है। इससे पहले टेडेसरा में पूर्व सीएम भूपेश बघेल की मौजूदगी में बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की सूचना है। बताया जा रहा है कि बघेल अपने समर्थकों के साथ टेडेसरा मतदान केंद्र पहुंचे थे। जहां बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मतदान केंद्र के अंदर जाने से रोकने की कोशिश की। इसी दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। बीजेपी कार्यकर्ता ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्याशी बघेल अपने समर्थकों के साथ आया और मारपीट करने लगा।

## हुक्का बार चलाते दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 27 अप्रैल।** विधानसभा पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम पिरदा स्थित श्रीराम फार्म हाउस में दबिश देकर हुक्का बार चलाते दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लाखों रुपए का सामान जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पिरदा स्थित श्रीराम फार्म हाउस में अवैध रूप से हुक्का बार संचालित कर रहे है। सूचना पर पुलिस के टीम ने दबिश देकर आरोपी राजेन्द्र कुमार 28 वर्ष और सेमयूल मसीह 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से हुक्का, इलेक्ट्रॉनिक हिटर, फ्लेवर, माउथ कीप, चिलम स्टाटर जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 2 लाख से अधिक की बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोटपा 4 ए,4 बी,21 ए के तहत कार्रवाई की है।

## स्काउट्स एवं गाइड्स पिला रहे शरबत



**रायपुर, 27 अप्रैल।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के निर्देशानुसार एवं भारत स्काउट गाइड जिला संघ के तत्वावधान में शासकीय बी पी पुजारी शासकीय माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय राजातालाब रायपुर प्राचार्य अंजू सूद की अभनपुर सिग्नल चौक के पास प्याऊ घर में शर्बत वितरण किया गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए राहगीरों की प्यास बुझाने हेतु भारत स्काउट्स एवं गाइड्स अभनपुर धनेश्वरी साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित हुआ व शुभारंभ किया गया शुभारंभ कार्यक्रम में अभनपुर सचिव भूपेश कुमार साहू, यशवंत ध्रुव जितेंद्र विश्वकर्मा भोला राम साहू तथा स्काउट एवं गाइड, रोवर आदि उपस्थित रहे राहागीरो को शीतल पेय जल तथा शर्बत पीलाने में अपनी सेवाएं दे रहे।

# छत्तीसगढ़ राम वन गमन पथ पर राज्यपाल बैस से सार्थक चर्चा

**रायपुर, 27 अप्रैल।** साहित्यकार चिंतक (वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक लेखक) संजीव ठाकुर ने राज्यपाल रमेश बैस से उनके रायपुर प्रवास पर आरडीए तथा बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्याम बैस के साथ मुलाकात की। इस अवसर पर बैस को पुष्पगुच्छ भेंटकर राम वन गमन पथ पर सार्थक चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि श्याम बैस द्वारा छत्तीसगढ़ में राम वन गमन पथ विकास एवं कौशल्या माता मंदिर के वैश्विक धार्मिक पर्यटन स्थल बनाने हेतु गंभीर प्रयास किए गए हैं उल्लेखनीय है कि रमेश बैस और श्याम बैस दोनों का जन्म गोढ़ी (चंदखुरी) में ही हुआ है उनके द्वारा राम वन गमन पथ के अंतर्गत कई किताबों का प्रकाशन किया गया है। इसमें



अत्यंत महत्वपूर्ण ग्रंथ छत्तीसगढ़ की रामायण का संपादन भी श्याम बैस द्वारा सहयोगियों के साथ मिलकर किया गया है। भविष्य में भी रामपथ वनगमन के विकास लिए प्रयासरत रहेंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय कवि संजीव ठाकुर का अभिनंदन

**रायपुर, 27 अप्रैल।** चिंता हरण हनुमान मंदिर के प्रांगण में समता चौबे कॉलोनी रिटायर्ड अधिकारी एसोसिएशन द्वारा प्रसिद्ध कवि, लेखक, चिन्तक संजीव ठाकुर द्वारा गोल्डन बुक का वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम स्थापित किए जाने के फल स्वरुप उनकी साहित्यिक उपलब्धियां के अवदान पर उनका सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम बैस पूर्व आरडीए तथा बीज विकास निगम अध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा पूर्व आईएएस, पी एन तिवारी पूर्व आईपीएस विशिष्ट आतिथी थे। चुनाव के परिवेश में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील एवं संकल्प भी पारित किया गया। इस अवसर पर रिटायर्ड संयुक्त कलेक्टर अशोक तिवारी,वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा, रिटायर्ड संयुक्त संचालक अशोक



चंद्राकर का केक काटकर जन्मदिन भी मनाया गया। इस अवसर पर कवि संजीव ठाकुर ने सारगर्भित उद्बोधन देकर अपनी चुनिंदा कविताएं भी सुनाई। मुख्य अतिथि श्याम बैस ने माता कौशल्या मंदिर चंदखुरी और राम पाठ वन गमन पर सारगर्भित उद्बोधन दिया, कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अंजनी कुमार शुक्ल द्वारा किया जाकर सम्मानित अतिथि कवि संजीव ठाकुर की जीवनी पर प्रकाश डाला, इस अवसर पर चंद्रकांत पांडे, व्यंग्यकार राजशेखर चौबे, अध्यक्ष संजय शर्मा, बी मानिकपुरी, डॉ अखिलेश त्रिपाठी,0 प्रोफेसर रविंद्र अग्रवाल, हर्ष वरवणकर कोषाध्यक्ष आरके सिंह ठाकुर, श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष संजय शर्मा ने किया।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26